# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 149/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 3 जनवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in


## सुबह कोहरे की जद में भोपाल



### मप्र में कोहरा, कड़ाके की ठंड
## स्कूलों का समय बदला

मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शिवपुरी में क्लास 8वीं तक की छुट्टी कर दी गई है। शिवपुरी कलेक्टर ने 4 जनवरी से 7 जनवरी तक सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल बंद रखने के आदेश दिए हैं। भोपाल समेत कई जिलों में स्कूल टाइमिंग में बदलाव किया गया है। आज भी भोपाल समेत कई जिलों में घना कोहरा रहा। प्रदेश में सबसे ठंडा नौगांव (छतरपुर) रहा। यहां रात का तापमान 6.2 रिकॉर्ड हुआ। सीधी, खंडवा, खरगोन, बैतूल, नर्मदापुरम, रीवा, सतना को छोड़ प्रदेश के बाकी 45 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा है। भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया ने भी राजधानी के स्कूलों का टाइम बदलने के आदेश जारी किए हैं। सभी सरकारी, प्राइवेट स्कूल और आंगनबाड़ी सुबह 9.30 बजे से शुरू होंगे। जिन स्कूलों में दो शिफ्ट लगती है, वे 9 बजे से लगेंगे। मौसम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक मध्यप्रदेश के कुछ इलाकों जैसे जबलपुर, नर्मदपुरम, बैतूल, पचमढ़ी, भोपाल इंदौर में कहीं-कहीं बादल और हल्की बारिश हो सकती है।

**भोपाल में स्कूल 9.30 बजे से**

## उत्तर भारत में शीत लहर का अलर्ट, स्कूलों में छुट्टियां

### हिमाचल में बर्फबारी से सड़कें बंद, मध्य प्रदेश में बारिश और ओला गिरने के आसार

**दिल्ली/भोपाल।** उत्तर भारत में शीत लहर का अलर्ट जारी किया गया है। यूपी-राजस्थान समेत 5 राज्यों के स्कूलों में छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। हिमाचल में बर्फबारी के चलते कई इलाकों में सड़कें बंद हो गई हैं। मध्य प्रदेश में अगले 48 घंटे बारिश और ओला गिरने के आसार हैं। दिल्ली में सोमवार को पारा 7.6 डिग्री तक गिर गया। यहां पॉल्यूशन के चलते भी परेशानी बढ़ी है। घने कोहरे का असर ट्रैफिक पर पड़ रहा है। यहां कंस्ट्रक्शन वर्क रोकने की हिदायत दी गई है। जम्मू-कश्मीर में पारा गिरने का सिलसिला जारी है। यहां कई इलाकों में टेम्परेचर माइनस 5 तक दर्ज किया गया। साल के पहले वर्किंग डे पर दिल्ली में पारा नीचे गिरा। यहां बुधवार को तापमान 8.5 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं सोमवार को यहां मिनिमम टेम्परेचर 7.6 डिग्री दर्ज किया गया। मैक्सिमम टेम्परेचर 17.3 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2 डिग्री कम था। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले दिनों में टेम्परेचर और गिरेगा। घने कोहरे के चलते विजिबिलिटी पर असर पड़ेगा। दिल्ली में सोमवार को एयर क्वालिटी 357 रिकॉर्ड की गई, जो की खराब श्रेणी में आता है। यहां आने वाले कुछ दिनों में एयर क्वालिटी खराब होने के आसार हैं। क्क्के कई इलाके पिछले 24 घंटे के दौरान जबरदस्त ठंड और शीतलहर की चपेट में रहे। कानपुर सोमवार रात क्कमें सबसे ठंडा रहा।

**सांध्य प्रकाश विशेष**

### प्रवासी भारतीय सम्मेलन: समीक्षा बैठक
## हम होस्ट हैं गेस्ट नहीं



**इंदौर।** प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर इंदौर में लगातार बैठकों का दौर जारी है। सोमवार को कलेक्ट्रेट में अधिकारियों ने सीएल बैठक हुई। इस दौरान अभी तक हुए तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही आगे की रणनीति तैयार की गई। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर अंबेडकर ने बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि सम्मेलन के दौरान किसी अधिकारी को अगर खाना ना मिले तो वह बेज्जती महसूस ना करें। हो सकता है किसी को खाना ना मिले। हो सके तो अपने घरों से भी टिफिन लेकर अधिकारी आए। हम होस्ट हैं गेस्ट नहीं। इस बात का भी विशेष तौर पर ध्यान रखें।

बैठक में खाने की व्यवस्था, कंप्यूटरों की व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की। इसके साथ ही ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर हॉल में मोबाइल नेटवर्क को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकार से कार्यक्रम में कोई खलल ना हो, इसका विशेष रूप से अधिकारी ध्यान रखें। बता दें कि प्रवासी भारतीय सम्मेलन और इन्वेस्टर्स समिट को लेकर इंदौर के चौराहे और सड़कों को चाक-चौबंद कर दिया गया है। साफ-सफाई को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर निगम अभियान चलाकर सड़कों पर थूकने और गंदगी फैलाना वालों पर 500 रुपये की चालानी कार्रवाई कर रहा है। निगम आयुक्त प्रतिभा पाल ने लोगों से गंदगी नहीं फैलाने की अपील की है।

## जरूरतमंदों को प्लॉट देगी सरकार

### कल मुख्यमंत्री करेंगे टीकमगढ़ से शुरुआत



**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार नए साल पर नई सौगात देने जा रही है। कैबिनेट बैठक के पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, सरकार गरीबों को जमीन देगी। इसके लिए आवासीय भू अधिकार योजना की शुरुआत कल टीकमगढ़ से की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल का दिन सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा। टीकमगढ़ जिले के 10500 लोगों को 120 करोड़ की लागत के भूखंड बांटेंगे। जमीन का पट्टा पति-पत्नी के नाम पर होगा। कोई प्रीमियम नहीं लगेगा। प्लॉट का मॉडल साइज 600 वर्गफुट और स्थान के अनुसार रहेगा।

नए साल 2023 में शिवराज सरकार की कैबिनेट की आज पहली बैठक हो रही है। इस बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। पहली कैबिनेट में गांवों पर जोर रहेगा। निर्विरोध निर्वाचित हुई ग्राम पंचायतों की पुरस्कार राशि बढ़ाने के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल सकती है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाने पर भी चर्चा होगी।

**कैबिनेट की बैठक:**
## चिकित्सा शिक्षा में पीजी सीटें बढ़ेंगी शौर्य दल योजना फिर शुरू होगी

**भोपाल।** प्रदेश की केबिनेट ने आज चिकित्सा शिक्षा में पीजी सीट बढ़ाने के लिए 614.46 करोड़ की मंजूरी दी। 9200 से अधिक सीएम राइज स्कूलों के निर्माण के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति दी, साथ ही प्रदेश में निर्विरोध चुनी गई ग्राम पंचायतों की पुरस्कार राशि बढ़ाने और नए पुरस्कार के प्रविधान के कार्योत्तर अनुमोदन का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया। शौर्य दल योजना को पुनः प्रारंभ करने की योजना को कैबिनेट ने स्वीकृति दी।

- **9200 से अधिक सीएम राइज स्कूलों के निर्माण के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति दी**

गृहमंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई केबिनेट में अनसूचित जाति के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आकांक्षा योजना मंजूर की गई, दो बैच में 8-8 सौ छात्रों को कोचिंग दी जाएगी। 181 सीएम हेल्पलाइन में लोगों को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ अधिक सशक्त बनाने के लिए काल सेंटर की सीटें बढ़ाई जाएंगी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 2.0 क्रियान्वयन की स्वीकृति एवं योजना की निरंतरता रहेगी। सरपंचों का मानदेय बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

**भारतीय विज्ञान कांग्रेस**
## हमारी ओर देख रही दुनिया: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय विज्ञान कांग्रेस को संबोधित किया। उन्होंने कहा, भारत अगले 25 वर्षों में जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें भारत की वैज्ञानिक शक्ति की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा, साइंस में पैशन के साथ जब देश की सेवा का संकल्प जुड़ जाता है तो नतीजे भी अभूतपूर्व आते हैं। आज का भारत जिस साइंटिफिक अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है, हम उसके नतीजे भी देख रहे हैं। साइंस के क्षेत्र में भारत तेजी से विश्व के टॉप देशों में शामिल हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, इस बार भारतीय विज्ञान कांग्रेस की थीम भी एक ऐसा विषय है जिसकी दुनिया में सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। दुनिया का भविष्य सस्टेनेबल डेवलमेंट के साथ ही सुरक्षित है। आपने सस्टेनेबल डेवलमेंट के विषय को महिला सशक्तिकरण के साथ जोड़ा है। आज देश की सोच केवल यह नहीं है कि साइंस के ज़रिए महिला सशक्तिकरण हो, बल्कि महिलाओं की भागीदारी से साइंस का भी सशक्तिकरण करें। साइंस और रिसर्च को नई गति दें, यह हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा, अभी भारत को जी-20 अध्यक्षता की जिम्मेदारी मिली है। जी-20 के प्रमुख विषयों में भी वुमन लीड डेवलपमेंट एक बड़ी प्राथमिकता का विषय है।

## सुप्रीम कोर्ट का बोलने की आजादी पर ज्यादा पाबंदी से इनकार

### किसी मंत्री के बयान पर सरकार नहीं, खुद मंत्री ही जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों की बोलने की आजादी पर ज्यादा पाबंदी लगाने से इनकार कर दिया है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की बेंच ने कहा कि में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे आजम खान की बयानबाजी से शुरू हुआ था। आजम ने जुलाई, 2016 के बुलंदशहर गैंग रेप को राजनीतिक साजिश कह दिया था। इसके बाद ही यह मामला सुप्रीम कोर्ट



इसके लिए पहले ही संविधान के आर्टिकल 19(2) में जरूरी प्रावधान मौजूद हैं। कोर्ट ने कहा कि किसी भी आपत्तिजनक बयान के लिए उसे जारी करने वाले मंत्री को ही जिम्मेदार माना जाना चाहिए। इसके लिए सरकार जिम्मेदार नहीं होनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक याचिका में सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों के लिए बोलने की आजादी पर गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। दरअसल, नेताओं के लिए बयानबाजी की सीमा तय करने का मामला 2016 में बुलंदशहर गैंग रेप केस पहुंचा था।

**कोर्ट ने कहा- अपने बयान के लिए मंत्री ही जिम्मेदार-** पांच जजों की संविधान पीठ की अगुआई जस्टिस एसए नजीर ने की। वहीं, इसमें जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस वी रामसुब्रमण्यम और जस्टिस बीवी नागरत्ना भी शामिल रहीं। पांच जजों की पीठ ने कहा कि किसी मंत्री के बयान पर सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इसके लिए मंत्री ही जिम्मेदार है। हालांकि, जस्टिस नागरत्ना की राय संविधान पीठ से अलग रही।

### जस्टिस नागरत्ना की राय चार जजों से अलग

जस्टिस नागरत्ना ने कहा- अनुच्छेद 19(2) के अलावा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ज्यादा प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। । हालांकि, कोई व्यक्ति बतौर मंत्री अपमानजनक बयान देता है, तो ऐसे बयानों के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। लेकिन, अगर मंत्रियों के बयान छिटपुट हैं, जो सरकार के रुख के अनुरूप नहीं हैं, तो इसे व्यक्तिगत टिप्पणी माना जाएगा।

## अचानक बैंक हुआ बंद सभी पैसा डूबा

**मुम्बई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने महाराष्ट्र के पुणे के द सेवा विकास को-ऑपरेटिव बैंक लि. का लाइसेंस रद्द कर दिया है। आरबीआई ने कहा है कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी नहीं है और न ही उसके पास आमदनी की संभावनाएं हैं, ऐसे में उसका लाइसेंस रद्द किया जा रहा है।

आपको यह जानकर बेहद खुशी होगी कि आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इंश्योरेंस स्कीम के तहत बैंकों में जमा 5 लाख रुपये तक की राशि का इंश्योरेंस होता है। इस वजह से बैंक के दिवालिया होने या उसका लाइसेंस रद्द होने की स्थिति में कस्टमर्स को इतनी डिपॉजिट रकम राशि डूबने का खतरा नहीं रहता है. डीआईसीजीसी, भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी है, जो बैंक जमा पर 5 लाख रुपये तक का इंश्योरेंस कवर देती है। आपको बता दें कि यदि किसी भी ग्राहक का 5 लाख तक रुपए है तो आपको घबराने वाली बात नहीं है। बैंक तत्काल प्रभाव से न तो जमा स्वीकार कर सकेगा और न ही जमा का पेमेंट कर सकेगा। सेवा विकास कोऑपरेटिव बैंक के लाइसेंस को रद्द करने से पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि रिजर्व बैंक ने सोमवार को बयान में कहा कि बैंक के पास न तो पर्याप्त पूंजी है और न ही आमदनी की संभावनाएं हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि बैंक अपनी मौजूदा वित्तीय स्थिति में मौजूदा जमाकर्ताओं की पूरी राशि का भुगतान करने में सक्षम नहीं है ऐसे में इन बैंकों के ग्राहकों को भारी झटका लग गया है।

## बुरहानपुर में नाले में गिरा सब्जी से भरा आयशर वाहन, 2 किसानों की मौत

**बुरहानपुर।** इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर खंडवा की ओर से सब्जी लेकर आ रहा आयशर वाहन नाले में गिर गया। बुरहानपुर में हुए इस हादसे में दो किसानों की मौत हो गई। हादसा तड़के 3 बजे हुआ। 3 किसान घायल हुए हैं। मौके पर मंडी कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष संतोष सिंह दीक्षित, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष हेमंत सिंह बैस पहुंचे। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।




## 2023 तक हुजूर के घर-घर तक सड़क पहुंचाना मेरा अटल संकल्पः रामेश्वर

# विधायक शर्मा ने किया 3.20 करोड़ के सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**संत हिरदाराम नगर।** पिछले तीन माह हुजूर विधानसभा के लोगों के लिए ऐतिहासिक बनते जा रहे हैं। लगातार एक के बाद एक विकास एवं निर्माण कार्यों से क्षेत्र की रौनक बदल रही है। हर दिन हुजूर विधानसभा में किसी न किसी नये कार्य का भूमिपूजन होता है। भूमिपूजन और निर्माण का यह दौर ऐसा चल पड़ा है कि इन तीन महीनों में विधायक रामेश्वर शर्मा एक भी दिन बिना रूके लगातार क्षेत्र विकास कार्यो का भूमि पूजन या लोकार्पण कर रहें हैं, लोगों से मिलकर उनकी आवश्यकताओं को समझ रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम पंचायत बकानिया में विधायक रामेश्वर शर्मा ने हुजूर विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न सड़क मार्गों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जिसमें 78.81 लाख की लागत से बकानिया पहुँच मार्ग, 14.02 लाख की लागत से नीलबड़ गाँव पहुँच मार्ग, 177.39 लाख की लागत से तुमडा-कलाखेड़ी-रतनपुर मार्ग व 50.38 लाख की लागत से रतनपुर से रसूलिया पठार मार्ग का भूमिपूजन विधायक शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया। इस तरह कुल मिलाकर 3 करोड़ 20 लाख के सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इन सभी सड़को का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। यह सड़कें क्षेत्रवासियों के आवागमन को आसान बनाने के साथ क्षेत्र में व्यापार और रोजगार के अवसरों की उपलब्धता भी बढ़ाएंगी।



**हुजूर के हर गाँव में प्रत्येक घर को नल से जल प्रदान करने के लिए 200 करोड:** विधायक शर्मा ने कहा कि हुजूर में सड़कों के निर्माण के साथ ही अन्य मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में हुजूर के हर गाँव में प्रत्येक घर को नल से जल प्रदान करने के लिए 200 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इस तरह 200 करोड़ की लागत से हुजूर में पेयजल की दशकों पुरानी समस्या को खत्म किया जाएगा।

## नए साल की शुरुआत के साथ ही नए लक्ष्यों को स्थापित करें : लवानिया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



कलेक्टर अविनाश लवानिया ने जिले के सभी अधिकारियों को नए साल की शुभकामना देते हुए कहा कि नए साल में सभी अधिकारी अपने विभागों की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें और उन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए लगातार मेहनत करते रहें । कलेक्टर ने अधिकारियो से कहा कि शासकीय सेवा का मूल उद्देश्य आम जनता की सेवा ही होता है और आम जनता की सेवा शासन की योजनाओं के माध्यम से की जा सकती है योजनाओं का लाभ जब गरीब, किसान और अन्य जरूरतमंद लोगों को दिया जाता है तो यही सच्ची सेवा होती है इन्हीं लक्ष्यों को लेकर हम जिले को सभी योजनाओं में प्रथम बना सकते हैं।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि छूटे हुए सभी पात्र व्यक्तियों के कार्ड बना लिए जाएं। संबल योजना 2 की भी समीक्षा की और श्रम अधिकारी से कहा कि इस योजना का लाभ सभी पात्र लोगों को मिलना चाहिए। इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता के लिए जल जीवन मिशन योजना की भी समीक्षा गई।

कलेक्टर ने भू अधिकार पत्र के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को अधिकार पत्र उपलब्ध कराने के लिए भी सभी कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आए हुए प्रकरणों पर प्राथमिकता से काम करें और उसे समय निराकृत करें। कलेक्टर ने समयावधि पत्र समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा की लक्ष्यों की पूर्ति के लिए समुचित प्रयास करना होगा और लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे और पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराए।

**आनंद उत्सव के लिए 25 सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठनः** कलेक्टर अविनाश लवानिया ने आनंद उत्सव 2023 का विभिन्न चरणों में उत्सव की रूपरेखा निर्धारित करने तथा कार्यक्रम के पर्यवेक्षण के लिए 25 सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। लवानिया ने आनंद उत्सव कार्यक्रम के लिए जिला स्तरीय समिति में केव्हीएस चौधरी कोलसानी आयुक्त नगर निगम, रितुराज सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आर.के. सिंह संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय, सुनील सोलंकी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, सुरेन्द्र शुक्ला, राज निर्देशक नेहरू युवा केन्द्र, कोकिला चतुर्वेदी जिला समन्वयक जनअभियान परिषद, हर्षित तिवारी परियोजना अधिकारी, मुकेश बिले सहायक अनुभाग अधिकारी, शैलेन्द्र सिंह डाबी प्रधान वैज्ञानिक, संदीप श्रीवास्तव सहायक परियोजना अधिकारी, विनोद धाकड़ नगरीय विकास, डॉ. नीलेश आर्य गांधी मेडिकल कॉलेज, अरूण कुमार विश्वकर्मा प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल बरखेड़ा पठानी, डॉ. महेन्द्र कुमार तिवारी प्रोजेक्ट डायरेक्टर, वंदना श्रीवास्तव आनंदम सहयोगी, अंकुश सक्सेना, अमित मर्सकोले, मुकेशचन्द्र शर्मा शिक्षक संकुल रातीबढ़, सुनील अवस्कर आनंदम सहयोगी, कविता अवस्कर आनंद सहयोगी, दीपक भार्गव आनंदक बैरसिया, कल्याण सिंह पाल, आनंदक बैरसिया और सभी आनंदक सहयोगी, आनंद क्लब, राज्य आनंद संस्थान जिला भोपाल को समिति के सदस्य बनाए गए हैं।

### टीआरएम लाइंस ने जीता मुकाबला




**भोपाल।** भेल चैंपियनशिप ट्राफी क्रिकेट टर्नामेंट सीजन 2 टीआरएम लायंस एलईएम रॉयल्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। निर्धारित 10 ओवरों के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीआरएम लाइंस ने 113 रन बनाएं लक्ष्य का पीछा करने एल ई एम रॉयल्स निर्धारित 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर मात्र 97 रन ही बना सकी। 16 रनो से यह मुकाबला टीआरएम लाइंस ने जीता। आज के फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि भेल स्पोर्ट्स क्लब के पूर्व महासचिव आर.एस ठाकुर,महाप्रबंधक अविनाश चंद्रा एवं सीआईएसएफ कमांडेंट हरीश साहू थे। मुख्य अतिथि गणों के कर कमलों से विजेता एवं उपविजेता टीमों को नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई टूर्नामेंट मीडिया प्रवक्ता अतुल मालवीय ने बताया कि आयोजन समिति के राजेश पाटकर,आर.एस अरोरा, जितेंद्र लोहाट,मोहम्मद हाजीक,साबिर खान,विकास तिवारी,वी.एस चाहर ने खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की।

### कोलार के बीमाकुंज से आज होगा 51 हज़ार हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ



**भोपाल।** नववर्ष 2023 में हुजूर विधानसभा क्षेत्र के समस्त खेड़ापति श्री हनुमान मंदिरों में श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ आज कोलार के बीमाकुंज से किया जा रहा है। श्री हनुमान चालीसा पाठ का यह संकल्प आगामी हनुमान जन्मोत्सव तक निरंतर चलेगा। कार्यक्रम के आयोजक और माँ कंकाली गौरव बचाओ गौ रक्षा समिति के अध्यक्ष विष्णु विश्वकर्मा के अनुसार पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी आयोजन के मुख्य अतिथि होंगे, तथा विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मुकेश नायक विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित रहेंगे। कोलार से कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद हुज़ूर विधानसभा क्षेत्र के सभी खेड़ापति हनुमान मंदिरों में कुल 51 हज़ार श्री हनुमान चालीसा पाठ किये जायेंगे। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य गदा समर्पण यात्रा और भंडारे के साथ छींद धाम में यह संकल्प पूर्ण होगा।

### सकल पंच धानुक समाज कल्याण समिति का नववर्ष मिलन समारोह आयोजित

**भोपाल।** सकल पंच धानुक समाज कल्याण समिति भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन खटलापुरा मंदिर सभागृह जहांगीराबाद भोपाल में आयोजित किया गया। जिसमें भोपाल सहित इंदौर,खंडवा,सीहोर, जबलपुर, सागर के समाज जनो ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम को भव्यता का रूप दिया। भोपाल समिति के अध्यक्ष देवचंद जरिया के द्वारा अच्छा बनाने का प्रयास किया गया भोपाल समिति द्वारा समाज के लोगों को एक सूत्र में बाँधने का एक प्रयास समाज उत्थान और समाज के लोगों प्रगतिशील बनाने समाज से कुप्रथा एवं रूढ़ीवादिता को समाप्त करने हेतु माहिला एवं बच्चों को सशक्त बनाने के लिए संकल्प लिया ।

### एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल द्वारा सीबीएसई नेशनल गर्ल्स फुटबॉल गेम्स का आयोजन

**भोपाल।** एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल द्वारा सीबीएसई के नेशनल गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आज अरुण सिंह एवं भोपाल डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन राकेश शर्मा के विशेष आतिथ्य उद्घाटन किया गया इस अवसर पर जैन चौक से सभी छात्रों का अभिनंदन किया टूर्नामेंट के आयोजक सचिव सागर ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 16 स्कूल टीम पूरे देश से भाग ले रही हैं इसमें दो टीम विदेश से भी भाग लेंगी टूर्नामेंट का आयोजन 3 जनवरी से 7 जनवरी तक होगा




## नवनिध स्कूल में सिद्ध भाऊ ने किया छात्राओं को किया पुरस्कार वितरण



**संत हिरदाराम नगर।** नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के प्रार्थना सभा में शहीद हेमू कलानी एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ द्वारा छात्राओं को सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं-सांकेतिका, बाल विज्ञान कांग्रेस 2022-23, भारत को जानो, रन भोपाल एवं बाल रंग आदि में भाग लेने वाली छात्राओं एवं प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति-पत्र, ट्रॉफी एवं पैन उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी.साधवानी एवं गोपाल गिरधानी भी उपस्थित थे। सिद्ध भाऊ ने नववर्ष के मंगलमय होने की शुभकामनाएँ प्रेषित की और छात्राओं को स्व अनुशासन हेतु दिनचर्या बनाकर उसका नियमित रूप से पालन करने, मन लगाकर पढ़ने, अच्छी संगति करने, ईश्वर के प्रति आस्था रखने, माता-पिता का आदर करने एवं गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, सम्मान व कृतज्ञता का भाव रखने के लिए प्रेरित किया।

### निरंकारी सत्गुरु का नववर्ष पर मानवता को दिव्य संदेश

**भोपाल।** ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति से जीवन में वास्तविक भक्ति का आरम्भ होता है और उसके ठहराव से हमारा जीवन भक्तिमय एंव आनंदित बन जाता है। उक्त् उद्गार निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा ग्राउंड नम्बर 8, निरंकारी चौक बुराड़ी रोड, (दिल्ली) में आयोजित 'नववर्ष'के विशेष सत्संग समारोह में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए गये। इस कार्यक्रम का लाभ लेने हेतु दिल्ली एंव एन. सी. आर. सहित अन्य स्थानों से भी हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए और सभी ने वर्ष के प्रथम दिन सत्गुरु के साकारमयी दिव्य दर्शनों एंव पावन प्रवचनों से स्वयं को आनन्दित एंव कृतार्थ किया। सत्गुरु माता जी ने ब्रह्मज्ञान का महत्व बताते हुए फरमाया कि ब्रह्मज्ञान का अर्थ हर पल में इसकी रोशनी में रहना है और यह अवस्था हमारे जीवन में तभी आती है जब इसका ठहराव निरंतर बना रहे, तभी वास्तविक रूप में मुक्ति संभव है। इसके विपरीत यदि हम माया के प्रभाव में ही रहते है तब निश्चित रूप से आनंद की अवस्था और मुक्ति प्राप्त करना संभव नहीं। जीवन की सार्थकता तो इसी में है कि हम माया के प्रभाव से स्वयं को बचाते हुए अपने जीवन के उद्देश्य को समझे कि यह परमात्मा क्या है और हम उसे जानने हेतु प्रयासरत रहे। इस संसार में निरंकार एंव माया दोनों का ही प्रभाव निरंतर बना रहता है। अतः हमें स्वयं को निरंकार से जोड़कर भक्ति करनी है। अपने जीवन में सेवा, सुमिरण, सत्संग को केवल एक क्रिया रूप में नहीं, एक चैक लिस्ट के रूप में नहीं कि केवल अपनी उपस्थिति को जाहिर करना है अपितु निरंकार से वास्तविक रूप में जुड़कर अपना कल्याण करना है।



# निगम ने ठंड से राहत देने शहर में कई स्थानों पर जलाए अलाव

### महापौर व निगम आयुक्त के निर्देश पर की गई व्यवस्था

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम द्वारा कड़ाके की ठंड में नागरिकों विशेषकर रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, अस्पतालों के आसपास के आटो स्टैण्डों एवं ऐसे सार्वजनिक स्थलों जहां रात्रि के समय नागरिकों को आना-जाना रहता है पर नागरिकों को ठंड से राहत दिलाने के दृष्टिगत अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है।

महापौर मालती राय द्वारा दिए गए निर्देशों एवं निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी के आदेश पर निगम के अमले द्वारा फायर स्टेशन बैरागढ़, बैरागढ़ थाना, बैरागढ़ रेल्वे स्टेशन, बैरागढ़ सिविल अस्पताल, चंचल चौराहा पुलिस चौकी, कालका चौराहा, सीहोर नाका, रैन बसेरा वाजपेयी नगर, कैंसर अस्पताल ईदगाह हिल्स, रैन बसेरा डी.आई.जी बंगला, गौतम नगर थाना के पास, टीला जमालपुरा थाना के पास, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, शाहजहांनाबाद टंकी के पास, भोपाल रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 06 की ओर तीन स्थान पर, नादरा बस स्टैंड तीन स्थानों पर, मंगलवारा तिराहा, सिंधी कालोनी चौराहा, डी.आई.जी बंगला चौराहा, राम मंदिर टीला जमालपुरा, शीतला माता मंदिर इब्राहिमगंज, आरिफ नगर झुग्गी, कैंची छोला, घोड़ानक्कास, गांधी नगर फॉयर स्टेशन, गांधी नगर बस स्टैंड, गांधी नगर आटो स्टैंड, गांधी नगर धाकड़ चौराहा, गांधी नगर पुलिस थाना के पास, हलालपुर बस स्टैंड, हलालपुर आटो स्टैंड, समता चौक न्यू मार्केट, विजय स्तम्भ रोशनपुरा चौराहा, जवाहर चौक, सूरज नगर चौराहा, नागेश्वर नगर सूरज नगर, भारत भवन चौराहा, दूरदर्शन चौराहा, हमीदिया अस्पताल रैन बसेरा, पुतलीघर बस स्टैंड, शाकिर अली खान अस्पताल, इन्दिरा गांधी अस्पताल, मनीषा मार्केट, त्रिलंगा मार्केट, चार इमली, नेहरू नगर रैन बसेरा, माता मंदिर आटो स्टैंड, पी.एण्ड.टी चौराहा, अम्बेड़कर नगर, राहुल नगर, रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 01 की ओर, आश्रय स्थल यादार-ए-शाहजहांनी पार्क, बी.जे.पी. कार्यालय के पास 07 नंबर, 10 नंबर मार्केट, बिट्टन मार्केट, रैन बसेरा एम.पी.नगर जोन-2, आई.एस.बी.टी रैन बसेरा, अन्ना नगर चौराहा, सुभाष मार्केट, चेतक ब्रिज, गौतम नगर मार्केट, बागसेवनिया थाने के पास, मिसरोद थाने के पास, मिसरोद रामलीला मैदान, एम्स चौराहा, शाहपुरा थाने के पास, हबीबगंज नाका, अमराई चौराहा, बागसेवनिया विश्वकर्मा मंदिर, राजाभोज चौराहा, जाटखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन के पास, ट्रांसपोर्ट नगर रैन बसेरा, इन्द्रपुरी आटो स्टैंड, पिपलानी आटो स्टैंड, पिपलानी थाने के पास, गांधी मार्केट आटो स्टैंड, रत्नागिरी, बजरंग चौराहा पुलिस चौकी के पास, रानी कमलापति स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 05 के सामने, जे.के.रोड पुलिस चौकी के पास, मीनाल मॉल के पास, नरेला जोड पुलिस चौकी के पास, अयोध्या चौराहा, मीनाल गेट नंबर 02, अयोध्या नगर पुलिस थाने के पास, भानपुर ब्रिज के नीचे, शबरी नगर राम मंदिर, छोला मंदिर, करोंद चौराहा, बीमाकुंज कोलार रोड, सी-सेक्टर दिलीप मेडिकल के पास, कृष्णा टी स्टाल के पास, ललिता नगर थाने के पास, दानिश नगर जैन मंदिर के पास, सर्वधर्म कालोनी, अमरनाथ गेट के पास, ग्यारह मील, बैरागढ़ चीचली बस स्टाप, डी-मार्ट कोलार रोड, कटारा चौकी इत्यादि क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था निरंतर की जा रही है।



# संकट में वरिष्ठ आईपीएस !

सुनी सुनाई: रवीन्द्र जैन

मप्र के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विपिन माहेश्वरी आजकल अपने कैरियर के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। एडीजी माहेश्वरी के पास पुलिस दूरसंचार के अलावा एसटीएफ का चार्ज भी है। उन्होंने व्यापम घोटाले को लेकर दिग्विजय सिंह के 8 वर्ष पुराने आवेदन पर 6 दिसम्बर को एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में शिवराज सरकार के मंत्री और भाजपा नेताओं की मिलीभगत का उल्लेख है। इस एफआईआर से भाजपा संगठन आग बबूला है। अपनी ही सरकार में अपने ही मंत्री और नेताओं के खिलाफ बिना सशक्त प्रमाण के एफआईआर होने पर भाजपा संगठन में भोपाल से दिल्ली तक हंगामा मचा हुआ है। बताया जाता है कि माहेश्वरी से पूछताछ में उन्होंने सफाई दी है कि सीएम हाऊस के एक ताकतवर डिप्टी सेकेट्री के फोन पर यह एफआईआर दर्ज की गई है। फिलहाल माहेश्वरी सत्ता व संगठन के निशाने पर बताये जा रहे हैं।

## एफआईआर की टाइमिंग को लेकर भी चर्चा?

व्यापम मामले में एसटीएफ में दर्ज हुई एफआईआर की टाइमिंग को लेकर राजनीतिक व प्रशासनिक गलियारे में जबर्दस्त चर्चा है। दरअसल वर्ष 2014 में दिग्विजय सिंह ने भाजपा नेता (अब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष) वीडी शर्मा पर व्यापम घोटाले को लेकर गंभीर आरोप लगाये थे। इससे व्यथित होकर वीडी शर्मा ने दिग्विजय सिंह के खिलाफ मानहानि का प्रकरण दर्ज किया था। बीते 5 दिसम्बर को भोपाल कोर्ट ने दिग्विजय सिंह के खिलाफ मानहानि के तहत एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। अगले दिन 6 दिसम्बर को एसटीएफ ने दिग्विजय सिंह के 2014 के शिकायती आवेदन पर शिवराज सरकार के मंत्री व भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। खास बात यह है कि एसटीएफ की इस एक एफआईआर ने मप्र में विधानसभा चुनाव से पहले व्यापम के जिन्न को फिर से जिन्दा कर दिया है और कांग्रेस को बड़ा मुद्दा थमा दिया है।

## बेरोजगारों के 8 करोड़ कौन लौटाएगा!

मप्र में कानून बनाने वाली विधानसभा के सचिवालय में ही आजकल अंधेरगर्दी मची हुई है। चर्चा है कि भोले-भाले स्पीकर को एक कॉकस ने घेर लिया है। कुछ चापलूस अफसर अपने नाते रिश्तेदारों को प्रतिनियुक्ति पर विधानसभा सचिवालय में फिट कराने में लगे हुए हैं। सचिवालय में भर्ती के नाम पर हुए एक बड़े खेल के भी चर्चे आम है। सचिवालय में भर्ती का काम एक निजी एजेंसी को सौंपा गया। एजेंसी ने बेरोजगारों से आवेदन के साथ 8 करोड़ रूपए वसूल लिए। इन भर्तियों में आरक्षण नियमों का पालन न होने और पारदर्शिता न होने के कारण बबाल मचा तो भर्तियां रद्द करना पड़ी। लेकिन विधानसभा सचिवालय आजतक यह बताने को तैयार नहीं है कि 8 करोड़ वसूलने वाली एजेंसी का नाम पता क्या है और बेरोजगारों से वसूली गई 8 करोड़ की राशि कौन और कब लौटाएगा?

## वर्ष के पहले दिन महिला आरक्षक से छेड़छाड़

सिंगरौली पुलिस के लिए नये वर्ष की शुरुआत अच्छी नहीं हुई। पुलिस कन्ट्रोल रूम में रात की ड्यूटी कर रही महिला आरक्षक के साथ वहां तैनात दो आरक्षकों ने शराब पीकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला ने स्वयं को कमरे बंद करके आबरू बचाई। इसकी लिखित शिकायत और सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं। दुखद पहलू यह है सिंगरौली एसपी ने एक आरक्षक को तो निलंबित कर दिया लेकिन दूसरे आरक्षक को जांच के नाम पर बचा लिया है। दूसरा आरक्षक एसपी साहब के समाज का है और उनका खास माना जाता है। इसे लेकर महिला आरक्षक के समाज के लोग आग बबूला बताये जा रहे हैं। वे एसपी के खिलाफ सड़क पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं। भोपाल पहुंची खबरों के अनुसार इस गंभीर प्रकरण में एसपी साहब पर गाज गिर सकती है।

## जैन समाज के पक्ष में प्रस्ताव क्यों प्रस्तुत नहीं हुआ?

मप्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सत्ता पक्ष ने सम्मेद शिखर को लेकर जैन समाज की भावनाओं के अनुरूप विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने की तैयारी कर ली थी। भाजपा विधायक पारस जैन को सदन में प्रस्ताव प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पारस जैन ने प्रस्ताव टाइप भी करा लिया। सदन में जैन समाज के सभी 9 विधायक उत्साहित थे। इस प्रस्ताव को पारित कराने स्पीकर को भी तैयार कर लिया गया। विपक्ष भी इसे सर्व सम्मति से पारित करने तैयार हो गया। लेकिन जैसे ही सत्ता पक्ष को अहसास हुआ कि यह प्रस्ताव केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के नोटीफिकेशन के खिलाफ होगा तो पारस जैन को सदन में प्रस्ताव लाने से रोक दिया गया। यह बात दूसरी है कि राज्य सरकार ने मौखिक रूप से जैन समाज की भावनायें प्रधानमंत्री तक पहुंचाने की बात कही, लेकिन विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने का कदम पीछे खींच लिया।

## मप्र में गुजरात का फार्मूला नम्बर दो काम करेगा

मप्र में भाजपा गुजरात के फार्मूला नम्बर दो पर काम कर सकती है। भाजपा ने गुजरात में दो फार्मूले अपनाए थे। पहला एंटी इंकम्बेंसी कम करने सीएम से लेकर सभी मंत्री बदले गये। दूसरा सत्ता विरोधी लगभग 13 प्रतिशत वोट आम आदमी पार्टी के खाते में डलवाकर अपनी बम्फर जीत की राह आसान कर ली। खबर है कि मप्र में भाजपा इस दूसरे फार्मूले पर गंभीरता से विचार कर रही है। मप्र में गुजरात की तरह आम आदमी पार्टी की प्रभावी एंट्री कराई जाए जो भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर हमलावर हो। भाजपा की रणनीति है कि सत्ता विरोधी वोट कांग्रेस के बजाय आम आदमी पार्टी में शिफ्ट किया जाए तो मप्र में भाजपा की सरकार आसानी से बन सकती है। इस रणनीति के तहत मप्र के अनेक दलों के अनेक प्रभावी नेता अपनी अपनी पार्टी में असंतोष के नाम पर आम आदमी पार्टी में भेजे जा सकते हैं।

## और अंत में.....!

मप्र सरकार के संकटमोचन गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने अचानक सत्ता और संगठन के कई कार्यक्रमों से दूरी बना ली है। वे कटनी में आयोजित भाजपा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में नजर नहीं आए। इंदौर के प्रभारी मंत्री होने के बाद भी वे इंदौर में आयोजित प्रवासी सम्मेलन और इंवेस्टमेंट मीट के आयोजन की तैयारी से दूरी बनाये हुए हैं। हद तो यह हो गई कि 25 दिसम्बर को ग्वालियर में अटल जी की स्मृति में आयोजित भव्य समारोह में जहां मुख्यमंत्री और दो केन्द्रीय मंत्री शामिल हुए, तब नरोत्तम मिश्रा ग्वालियर में होने के बाद भी इस समारोह में नहीं पहुंचे। यह बात दूसरी है कि हमेशा की तरह नरोत्तम मिश्रा ने विधानसभा में सत्ता पक्ष की ओर से प्रभावी भूमिका निभाई और लगभग रोज ही वे मीडिया के जरिये सरकार के बचाव और विपक्ष को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।(साभार)

# मप्र में एक से 15 फरवरी तक विकास यात्रा, गांव-गांव में उपलब्धियों का प्रचार होगा

### मुख्यमंत्री बोले-नव वर्ष में निर्धारित रोडमेप के साथ जन कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का बेहतर ढंग से हो क्रियान्वयन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नव वर्ष में निर्धारित रोडमेप के साथ राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन तभी सार्थक होगा, जब हम अपनी शत- प्रतिशत क्षमता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हर क्षेत्र में हमारी उपलब्धियाँ हैं, इन उपलब्धियों के लिए टीम मध्यप्रदेश को बधाई देता हूँ। हम अपनी उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत और प्रचारित करें।

मुख्यमंत्री चौहान निवास पर समत्व भवन के संवाद कक्ष में नव वर्ष पर मंत्रीगण, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष, एचओडी, सभी संभागायुक्त, कलेक्टर्स, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस आयुक्त एवं जिला पुलिस अधीक्षक को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बिजली के मामले में सरप्लस स्टेट बनने जैसी हमारी अनेक उपलब्धियाँ हैं। साल भर में हमने जो उपलब्धियाँ हासिल की हैं उसे जनता के सामने रखें। लघु फिल्मों, सोशल मीडिया, प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया आदि के माध्यम से हर विभाग की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार हो। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आत्म-निर्भर भारत की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके लिए हमारा योगदान बेहतर होना चाहिए। हमें समय को व्यर्थ नहीं जाने देना है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि विजन और मिशन के साथ कार्य करें। ऐसे काम हो जो प्रदेश की जनता की जिंदगी बदल दें। संबंधित विभाग जी- जान से कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सबकी महत्वपूर्ण भूमिका रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करें, जिससे अधिकतम लोग निवेश करें। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए प्रदेश में खेलमय वातावरण बने। जी-20 के माध्यम से प्रदेश की बेहतर ब्रांडिंग हो। जीरो डिफेक्ट-मेक्जिमम इफेक्ट वाले आयोजन होने चाहिए। विभाग के मंत्री और प्रशासनिक अधिकारी इस पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि एक फरवरी से 15 फरवरी तक प्रदेश में विकास यात्रा निकाली जाएगी। गाँव-गाँव जाकर उपलब्धियों का प्रचार होगा।मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल सरकारी कर्मकांड बन कर नहीं रहेगा, इसमें जनता



शामिल हो। मैं स्वयं जबलपुर में रहूँगा। गणतंत्र दिवस को अद्भुत और उत्सवी माहौल में मनाया जाए। इसके लिए विभिन्न कार्यों की प्राथमिकता तय कर काम करें। संत रविदास की जयंती पर सामाजिक समरसता के साथ कार्यक्रम हों। मुख्यमंत्री चौहान ने सी.एम. जन-सेवा अभियान के अद्भुत आयोजनों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जन-सेवा अभियान का एक और दौर अप्रैल में चलेगा। हवाई जहाज से मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन यात्रा होगी। कूनो में चीता प्रोजेक्ट बनेगा। या, सहरिया जाति के अलावा कोल वर्ग की महापंचायत भी होगी। हर विभाग का रिपोर्ट कार्ड बनेगा, जो टारगेट तय किए थे, उसकी जानकारी ली जाएगी।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सीएम कॉन्क्लेव के निर्देशों का पालन होना चाहिए। आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश में कितना काम किया इसका भी रिपोर्ट कार्ड बनेगा। आम बजट की तैयारी करें। घोषणाओं और निर्देशों को पूरा करें। हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ समय पर मिले। तृतीय-चतुर्थ और संविदा श्रेणी के वेतन और मानदेय का भुगतान समय पर हो। जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, भू-अधिकार, राशन आपके ग्राम, स्व-निधि, युवा उद्यमी, स्वच्छ भारत मिशन, अटल प्रगति पथ, आयुष्मान भारत, अमृत सरोवर, लाड़ली लक्ष्मी, संबल योजना, प्राकृतिक खेती आदि की मॉनिटरिंग ढंग से कर लाभ मिलना चाहिए। छात्रावासों की व्यवस्था ठीक रहे। बच्चों को बेहतर सुविधाएँ मिलें। शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों का मैदानी निरीक्षण करें।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पेसा अधिनियम को जमीन पर उतारने के लिए ठोस प्रयास हों। सहकारिता नीति जारी करें। जनता का फीडबेक लेने का सिस्टम तैयार करें। मंत्री एवं विभाग के अधिकारी जनता का फीडबेक लें। अच्छे कार्यों का प्रचार-प्रसार हो। जनसम्पर्क विभाग से समन्वय कर बेहतर प्रचार-प्रसार कराएँ। गलत खबर का खंडन करें। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति हो। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन के बीच समन्वय हो। सरकारी योजनाओं और कार्यों का प्रभावी क्रियान्वय हो।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जनता को कोई भी असुविधा न हो। बिना लिए ड्ढदिए निश्चित समय-सीमा में लोगों को सुविधाओं का लाभ मिले। प्रदेश में माफिया के खिलाफ बेहतर कार्यवाही हुई है। अन्य गतिविधियाँ भी बेहतर चलें। भोपाल के नीलबड़ में 40 एकड़ जमीन भू-माफिया से छुड़ाई गई है। माफिया से जमीन मुक्त करा कर गरीबों के घर बनाएंगे। अधो-संरचना और विकास के कार्य व्यवस्थित ढंग से समय-सीमा में पूरे हों। मिशन मोड में कार्य कर प्रदेश की जनता को समर्पित करें। शासकीय विभागों में एक लाख 14 हजार भर्तियाँ 15 अगस्त तक पूरी हों। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जन-भागीदारी कार्यक्रम में एडॉप्ट-एन-आँगनवाड़ी, अंकुर अभियान में बेहतर कार्य हों। नवाचार लगातार करते रहें। डाटा की लगातार एनालिसिस होती रहे। खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता रहे।

# व्यसन मुक्ति के लिए सबका प्रयास भी जरूरी: राज्यपाल




**नीलबड़ में ब्रह्माकुमारीज़ सुख शांति भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

किसी का व्यसन छुड़ाना यह बहुत बड़ा पुण्य का काम है। जिसका व्यसन आप छुडायेंगे वह जीवन भर आपको याद रखेगा, दुआएं देगा। व्यसनों से कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं। व्यसन से अगर घर का मुखिया असमय मर जाता है तो सारा परिवार ध्वस्त हो जाता है। इसलिए मैं आप सभी को बहुत साधुवाद देता हूं क्योंकि आपने बहुत बड़ा समाज सुधार का काम अपने ऊपर लिया है। यह केवल शासन या ब्रह्मा कुमारीज संस्था के द्वारा नहीं लेकिन इसमें सभी का प्रयास आवश्यक है। तभी हम सब मिलकर इस मध्य प्रदेश को व्यसन मुक्त मध्यप्रदेश बना सकेंगे। यह कहना था महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल का। और अवसर था ब्रह्माकुमारीज़, सुख शांति भवन, नीलबड़ के अनुभूति सभागार में आयोजित मेरा मध्य प्रदेश व्यसन मुक्त मध्यप्रदेश अभियान के उद्घाटन का। आगे आपने बताया, यह विषय बहुत महत्वपूर्ण है और मेरे मन को भानेवाला है। बड़ों को देखकर छोटे भी व्यसन करना शुरू करते हैं। व्यसनों की वजह से छोटे बच्चों की बुद्धि का विकास भी रुक जाता है। आज लोगों के पास भौतिक सुख है, लेकिन आत्मिक शांति नहीं है, आत्मिक सुख नहीं है। आत्मिक सुख और शांति अच्छे संस्कारों से मिलती है। ऐसे ही संस्कारों के निर्माण का कार्य ब्रह्माकुमारीज़ संस्था कर रही है इसलिए आपको बहुत बधाई है। समाज सुधार से ही देश में सुधार होगा और भारत विश्व गुरु कहलायेगा।

मुंबई से पधारे सुप्रसिद्ध व्यसनमुक्ती विशेषज्ञ डॉक्टर सचिन परब ने मुख्य वक्ता के रूप में व्यसन मुक्ति के क्षेत्र में 25 वर्षों से किए हुए जमीनी कार्य का ब्यौरा प्रस्तुत किया। आपने कहा, ब्रह्माकुमारीज संस्था ने आज तक एक भी व्यक्ति का नशा छुड़ाया नहीं है। हम लोगों का नशा छुड़ाने वाले नहीं, लेकिन नशा चढ़ाने वाले लोग हैं। राजयोग मेडिटेशन सीखने वाले लोगों को ऐसा ईश्वरीय नशा चढ़ जाता है, जिससे सारे नशे स्वत: छूट जाते हैं। लोग शराब, सिगरेट में खुशी ढूंढ रहे हैं। उनको जब राजयोग ध्यान में वह खुशी मिलती है तो नशा छूट जाता है। व्यसन ग्रस्त होने में दोस्तों का दबाव यह एक महत्वपूर्ण कारण है। नशा छुड़ाने में मेहनत ज्यादा लगती है, इसलिए हम प्रिवेंशन के ऊपर ज्यादा काम कर रहे हैं। अपने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा,दुनिया में रोज 466 लोग एचआईवी से, 413 रोड एक्सीडेंट से, 1000 टीबी से, 1000 मलेरिया से मरते हैं। लेकिन तंबाकू की वजह से 3500 लोग रोज मर रहे हैं। केवल 7 दिन के राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास से 64ल लोगों ने नशा पूरी तरह छोड़ा। राजीव केवल नशा नहीं छुड़ाता है, व्यक्ति की चेतना में परिवर्तन लाता है। उसके आंतरिक व्यक्तित्व में सुंदर, सकारात्मक परिवर्तन आता है। इसलिए व्यसन मुक्ति यह राजयोग के अभ्यास का साइड इफेक्ट है। लेकिन यह बहुत बड़ा काम है।

केवल ब्रह्मा कुमारीज या केवल शासन द्वारा यह काम नहीं होगा। हम सबको मिलकर यह काम करना होगा। आपने सभी से व्यसन मुक्ति की प्रतिज्ञा भी करवाई। माउंट आबू से पधारे ब्रह्मा कुमारीज के मेडिकल विंग के सचिव डॉक्टर बनारसी लाल शाह ने मध्य प्रदेश को नशा मुक्त कैसे किया जा सकता है इस विषय पर प्रकाश डाला। आपने ग्वालियर के व्यसन मुक्ति अभियान का उदाहरण देते हुए कहा की राजयोग मेडिटेशन में इतनी शक्ति है जिससे हृदय विकार, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, डिप्रेशन जैसी गंभीर बीमारियां ठीक हो रही है। इसलिए हर शासकीय संस्था तथा पब्लिक प्लेस पर मेडिटेशन रूम जरूर बनाना चाहिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्रह्मा कुमारीज भोपाल जोन की निदेशिका बीके अवधेश दीदी ने शब्द सुमनों द्वारा स्वागत किया। बहुत सुमधुर स्वागत गीत डॉ दिलीप नलगे ने गाया। ब्रह्मा कुमारीज़, सुख शांति भवन, नीलबड़ की डायरेक्टर बीके नीता दीदी ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सूत्रसंचालन वरिष्ठ राजयोगी बीके रामकुमार भाई जी ने किया।

### पेसा एक्ट की ताकत

# महिलाओं ने गांव में शराबबंदी करवाई, सीएम ने किया ग्राम वासियों का अभिनंदन



भोपाल। मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल डिंडोरी जिले में पैसा नियम के तहत ग्राम जल्दा मुड़िया की महिलाओं द्वारा की गई शराबबंदी को लेकर मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने अपने ट्विटर हैंडल पर कहा है कि समाज हित के लिए की गई इस अनुकरणीय पहल के लिए मैं जल्दा मुड़िया के सभी ग्राम वासियों का हृदय से अभिनंदन करता हूं। पैसा नियम से आपको जो अधिकार मिले हैं वह आप को सशक्त करने के साथ ही गांव के विकास में भी सहायक होंगे। मुख्यमंत्री ने यह ट्वीट डिंडौरी कलेक्टर विकास मिश्रा के अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से 'नया वर्ष, नया संकल्प, पेसा नियम के दिख रहे असर।' लिखने पर किया।

कलेक्टर ने अपने ट्वीट में लिखा कि जनजातीय समाज को पेसा नियम के तहत प्रदान किए गए अपने ग्राम से संबंधित अधिकारों के बेहतर परिणाम दिख रहे हैं। 2022 में पेसा एक्ट लागू किया गया है।

प्रदेश में आदिवासियों ने 'पेसा एक्ट' को शराब के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। वे ग्राम पंचायत में हो रही ग्राम सभा में प्रस्ताव लाकर शराबबंदी कर रहे हैं। पेसा एक्ट में समाहित शक्ति का उपयोग करके ग्रामवासी यह प्रस्ताव लाए हैं। सरकार का कहना है कि जनजातीय समाज को पेसा नियम के तहत प्रदान किए गए अपने ग्राम से संबंधित अधिकारों के बेहतर परिणाम दिखाई दे रहे हैं। शराब विरोध का ताजा मामला जनजातीय बाहुल्य डिंडौरी जिले में सामने आया। जिले की ग्राम जल्दा मुड़िया में ग्राम सभा ने गांव में पूर्ण रूप से शराब निषेध प्रस्ताव लाया। सभी ग्रामीणों ने खुशी से इस पर सहमति दी और प्रस्ताव पारित हो गया।

डिंडौरी कलेक्टर ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से 'नया वर्ष, नया संकल्प, पेसा नियम के दिख रहे असर।' लिखा। उन्होंने आगे लिखा कि जनजातीय समाज को पेसा नियम के तहत प्रदान किए गए अपने ग्राम से संबंधित अधिकारों के बेहतर परिणाम दिख रहे हैं। डिंडौरी जिले के ग्राम जल्दा मुड़िया में ग्राम सभा ने गांव में पूर्ण रूप से शराब निषेध प्रस्ताव पारित कर अहम पहल शुरू की है।

**ग्राम सभा की शक्ति का उपयोग**

डिंडौरी जिले के ग्राम जल्दा मुड़िया में महिला सदस्यों के नेतृत्व में एक समिति बनाई गई। इसके बाद सभी सदस्यों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक ग्राम सभा की बैठक में भाग लिया। इसी के साथ एक स्वर में गांव में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का समर्थन किया। पेसा अधिनियम के तहत किसी मादक पदार्थ को बेचना और उपभोग को विनियमित करना, क्षेत्र में अवैध मदिरा के विनिर्माण या विक्रय के तहत मदिरा की दुकानों को हटवाने की शक्ति ग्राम सभा को दी गई है।

# एम्स में सर्वधर्म प्रार्थना स्थल का शुभारंभ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



प्रो. (डॉ.) अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ एम्स, भोपाल द्वारा दिनांक 02.01.2023 को एम्स, भोपाल के आई.पी.डी. भवन के भूतल पर सर्वधर्म प्रार्थना स्थल का शुभारंभ किया गया । कार्यपालक निदेशक ने इस अवसर पर कहा कि भारत विविधताओं वाला देश है और एम्स, भोपाल एक प्रतिष्ठित स्वास्थ्य सेवा संस्थान है जो सहानुभूति एवं समानता के सिद्धांत के साथ गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है । उन्होंनें कहा कि अस्पताल में एक ऐसा स्थान होना चाहिए जहां मरीजों के परिजन, आगंतुक तथा अन्य स्टॉफ, मरीजों के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना कर सकें और अपने दु:खों, भय एवं चिंताओं से मुक्त रह सकें । इस अवसर पर कर्नल (डॉ.) अजीत कुमार, उपनिदेशक (प्रशासन), प्रो.(डॉ.) मनीषा श्रीवास्तव, चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. (मेजर) मयंक दीक्षित, उपचिकित्सा अधीक्षक, संकाय सदस्य, नर्सिंग अधिकारी, कर्मचारी एवं मरीजों के परिजन तथा आगंतुक उपस्थित रहे ।कार्यपालक निदेशक ने सभी उपस्थितों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए, हर समय सर्व धर्म प्रार्थना स्थल की पवित्रता बनाए रखने पर जोर दिया ।

## राज्यपाल से मिले एम्स के सीईओ

**भोपाल।** एम्स के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ डॉ. अजय सिंह ने राज्यपाल मंगूभाई पटेल से मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके साथ राज्यपाल को एम्स द्वारा गोद लिए गए गांवो के बारे में भी जानकारी प्रदान की। उल्लेखनीय है कि एम्स, भोपाल द्वारा आशापुरी एवं भोजपुर के निवासियों के बेहतर उपचार के लिए इन गांवों को गोद लिया गया है। इसके साथ-साथ एम्स, भोपाल के डॉक्टरों द्वारा दूरस्थ चिकित्सा गतिविधि के तहत वहां एक मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर मरीजों की जांच, दवा वितरण एवं आम लोगों लिए स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया । इस शिविर में कुल 1173 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाएं प्रदान की गई ।

# एम्स में इंटर्नशिप इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सेंटर फॉर मेडिकल एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग, एम्स भोपाल ने इंटर्नशिप इंडक्शन प्रोग्राम' का आयोजन किया । इसमें कार्यपालक निदेशक प्रो डॉ अजय सिंह, डीन रिसर्च डॉ देबाशीष बिस्वास, डॉ रेहान उल हक, डॉ बबीता रघुवंशी, डॉ ज्योति मोदी एवं अन्य फ़ैकल्टी ने हिस्सा लिया । जो इंटर्नस अपनी इंटर्नशिप शुरू करने वाले हैं, यह कार्यक्रम उनके लिए आयोजित किया गया था। कार्यपालक निदेशक ने सभी इंटर्नस को संदेश दिया कि इस समय को बेहतरीन तरीक़े से उपयोग करें, क्योंकि यह समय दोबारा नहीं आएगा । इसमें न सिर्फ़ वो पेशेंट से किस तरह से डील करना है वो सीखें, अपितु पेशेंट के प्रति जो डॉक्टर की सहानुभूति होनी, वह भी अच्छे से सीखें। इसके अलावा अब क्योंकि पढ़ाई के बाद ये इंटर्नशिप में



अस्पताल में पोस्टेड रहेंगे तो एक डॉक्टर के डेकोरम को भी वो फ़ॉलो करें । अपने इस समय को अलग अलग विभागों में प्रशिक्षण लेंगे तो भविष्य में अपनी पसंद का विषय चुनने में भी यह मदद करेगा । इस समय को वो बेहतरीन तरीक़े से इस्तेमाल करके एम्स भोपाल के अच्छे डॉक्टर बनने का अपना उद्देश्य रखें ।

सम्पादकीय

# नोटबंदी पर कानूनी मुहर...

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के नोटबंदी को सही ठहरा दिया। साथ में यह भी कहा कि जिस कारण या जिस लक्ष्य को लेकर नोटबंदी की गई थी, वह पूरा हुआ या नहीं यह बात ओर है, लेकिन कानूनी तौर पर सरकार का निर्णय उचित था। यानि सरकार ने कुछ गलत नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ठीक कह रहा है, सरकार को नोटबंदी का अधिकार था। इसे चुनौती देना भी नहीं चाहिए, परंतु कुछ सवाल आज भी उसी तरह खड़े हैं, जो नोटबंदी के समय उठाए गए थे। और पांचवीं जज साहिबा ने भी ऐसा ही कुछ कहा है।

सही बात तो यह है कि लाखों नहीं, करोड़ों लोग ऐसे हैं, जो नोटबंदी का नाम सुनते ही आज भी काँप जाते हैं। मित्रों! शब्द उन्हें हिला देता है। छह साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने नोटबंदी के सरकार के उस फ़ैसले को सही ठहरा दिया। देश की अलग-अलग अदालतों में नोटबंदी के खिलाफ 58 याचिकाएँ दायर की गई थीं। सभी को इकट्ठा कर सुप्रीम कोर्ट में सुना गया। याचिकाकर्ताओं ने कहा था कि सरकार किसी ख़ास सीरीज़ के नोटों को तो बंद कर सकती है लेकिन इस तरह पाँच सौ और हज़ार के नोटों को पूरी तरह बंद करने का उसे अधिकार ही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने इन तमाम याचिकाओं को ख़ारिज कर दिया और नोटबंदी के सरकार के फ़ैसले को एक के मुक़ाबले चार मतों से सही ठहराया।

पाँच में से जो एक महिला जज इस फ़ैसले से सहमत नहीं थी उनका कहना था कि नोटबंदी अध्यादेश के ज़रिए नहीं, बल्कि संसद में विधेयक लाकर करनी थी। तब यह क़ानून सम्मत होती। असहमत महिला जज साहिबा ने यह भी कहा कि उद्देश्य पूरा भी कहाँ हुआ? अगर कालेधन को ख़त्म करने के लिए ही नोटबंदी की गई थी, तो आपने तो पाँच सौ और हज़ार के नोट बंद करके दो हज़ार का नोट जारी कर दिया। काला धन कहाँ सामने आया?

बाक़ी चार जजों का तर्क था कि रिज़र्व बैंक की गवर्निंग बॉडी अगर सिफ़ारिश करे तो सरकार नोटबंदी कर सकती है। यह प्रक्रिया सरकार ने पूरी तरह अपनाई है, इसलिए नोटबंदी ग़ैर क़ानूनी नहीं है। इन चार जजों ने भी यह ज़रूर कहा कि उद्देश्य पूरा हुआ या नहीं, इस पर हम नहीं जाना चाहते क्योंकि यह याचिकाओं का विषय नहीं है।

पांचवीं जज की आपत्ति और चार न्यायाधीशों के शब्द। सभी की भावना एक जैसी ही लगती है। उनका फैसला केवल इस बात पर था कि नोटबंदी का फैसला उचित था या नहीं। इसीलिए यह सवाल तो बना हुआ है और बना ही रहेगा कि जब काला धन ख़त्म या कम करना ही उद्देश्य था तो पाँच सौ और हज़ार के नोट बंद करके दो हज़ार का नोट क्यों जारी किया गया? काला धन ख़त्म करने के लिए बड़े नोट बंद करने होते हैं ताकि ज़्यादा मात्रा में संग्रह न किया जा सके। यहाँ तो उल्टे छोटे नोट बंद करके बड़ा नोट जारी किया गया। फिर जारी किया भी गया तो अब वो है कहाँ? कुछ दिन तक तो बाज़ार में दो हज़ार का नोट नज़र आया, फिर अचानक ग़ायब हो गया। सरकार का तर्क है कि उसकी छपाई कम कर दी गई लेकिन जो बाज़ार में आया था वह कहां गया? कहीं आलमारियों या लॉकर में ही दबा बैठा तो नहीं है?

अब सरकार तो इसका जवाब देने से रही। संसद में कई बार यह सवाल उठ चुका है। अब सुप्रीम कोर्ट ने उसे क्लीन चिट भी दे दी। किस बात पर क्लीन चिट दी, यह मुद्दा नहीं है। सरकार के समर्थक खुश हैं। नोटबंदी सही थी। लेकिन उन्हीं में से लाखों समर्थक ऐसे भी हैं, जिनके घरों में नोटबंदी ने तहलका मचा दिया था। पर वो कर भी क्या सकते हैं? विचारधारा और पार्टी का सवाल उससे बड़ा है। हां, उनमें से कुछ ऐसे खुशनसीब भी हो सकते हैं, जिन्होंने पार्टी से अपना नुकसान वसूल लिया हो। सरकार से कुछ मिल गया हो। पर, करोड़ों लोग ऐसे हैं, जो नोटबंदी से आज भी नहीं उबर पाए। क्योंकि नोटबंदी के बाद कोविड के कहर ने उनकी रही सही कसर पूरी कर दी। जिनका काला धन था, उनके कुछ नोट बाहर निकले, लेकिन उन्होंने दूसरे नोटों में बदलने में सफलता हासिल कर ली।

सरकार को शायद ये पता नहीं होगा कि मध्यम वर्ग के जिन घरों में महिलाएं बचत के तौर पर कुछ पैसे रखा करती थीं और समय आने पर उस पैसे से घर में कार्यक्रम तक हो जाते थे। वो खाली हाथ हो गए। उनका खजाना ही लुट गया। वो कर्जदार हो गए। उनके घरों में चूल्हा जलने तक की दिक्कत हो गई क्योंकि कोविड के दौरान उनकी या तो नौकरियां चली गईं, या तनख्वाह आधी हो गई। पर, सरकार या उसमें बैठे लोगों को इससे क्या? काले धन की बात अब नहीं की जाती, क्योंकि उन्हें उन पार्टियों की आर्थिक कमर तोड़नी थी, जो यूपी या अन्य आगे के चुनावों में भाजपा के लिए चुनौती बनते। और अब सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दे दिया। जय हिंद, जय भारत।

# भाजपा पर भारी, उमा भारती की नाराजगी

**दिनेश निगम 'त्यागी**

पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती के तेवर इस बार तीखे हैं। उन्होंने भाजपा के खिलाफ सबसे कड़ा बयान दिया है। संभवत- पहली बार ही उन्होंने बयान से पलटी नहीं मारी है। इससे उमा की नाराजगी और भाजपा की मुसीबत बढ़ने का अंदाजा लगता है। पहले उमा ने समाज के लोगों से कहा कि हम प्यार के बंधन में बंधे हैं, लेकिन राजनीति के बंधन से मैं आपको आजाद करती हूं। मैं आऊंगी, भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोट मांगूंगी। लेकिन आप भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता नहीं हैं। इसलिए मेरे कहने पर भी आप भाजपा को वोट न दें। आप उसे ही वोट दें, जिसने आपको सम्मान देकर उचित स्थान दिया हो। इसके बाद उन्होंने कह दिया कि भगवान राम एवं हनुमान की भक्ति पर भाजपा का कॉपीराइट नहीं है क्योंकि वे भाजपा कार्यकर्ता नहीं। ये बयान भाजपा में रहकर बगावती है।

भाजपा पर उमा की नाराजगी इसलिए भी भारी पड़ सकती है क्योंकि चंबल-ग्वालियर और बुंदेलखंड अंचल में पिछड़ा वर्ग भाजपा के खिलाफ पहले से लामबंद होने की कोशिश में है। एक तरफ प्रीतम लोधी ने अभियान चला रखा है तो दूसरी तरफ पिछड़ा वर्ग महासभा भाजपा के खिलाफ सड़क पर है। ऐसे में उमा की एंट्री मुसीबत बढ़ाने वाली है। पिछली बार भाजपा ने सवर्णों की नाराजगी झेली थी, इस बार पिछड़ा वर्ग नाराज है।

**उमा के तेवर भतीजे के लिए भी खतरे की घंटी:** लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का टिकट खतरे में हैं और खरगापुर से विधायक उनके भतीजे राहुल लोधी का भी। इसकी वजह उमा के भाजपा के प्रति तीखे तेवर हैं। उमा ने घोषणा कर रखी है कि वे 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। कहां से लड़ना है, इसका फैसला भाजपा करेगी। अब उनके चुनाव लड़ने पर संशय है,



क्योंकि पिछले कुछ समय से वे भाजपा के लिए मुसीबत की वजह बनी हुई हैं। शराबबंदी अभियान के जरिए उन्होंने प्रदेश सरकार को पहले से असहज कर रखा है। उन्होंने लोधी-लोधा समाज से कह दिया कि मैं आपसे भाजपा के लिए वोट मांगूंगी, लेकिन आप मेरे कहने पर वोट न दें, अपने विवेक से फैसला करें। छिंदवाड़ा जाकर उन्होंने यह भी कह दिया कि भगवान राम और हनुमान की भक्ति पर भाजपा का कॉपीराइट नहीं है, क्योंकि राम और हनुमान भाजपा कार्यकर्ता नहीं हैं। उनकी और कई बातें भाजपा पर चोट करने वाली हैं। ऐसे में भाजपा नेतृत्व उमा को लोकसभा चुनाव लड़ाए, इसकी कोई गारंटी नहीं। हालात ये हैं कि उनके भतीजे राहुल लोधी का खरगापुर से टिकट भी खतरे में पड़ सकता है। हाईकोर्ट पहले ही राहुल की सदस्यता रद्द कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट से उन्हें सशर्त स्टे मिला है। ऐसे में उमा के ये तेवर और बयान, राहुल के लिए भी खतरे की घंटी है।

**राहुल की आशंका पर भाजपा नेत्रियों की मुहर**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आशंका पर मप्र भाजपा की दो नेत्रियों ने मुहर लगा दी है। भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने सलाह दी है कि सभी को अपने पास तेज धार वाला चाकू रखना चाहिए, जो सब्जी के साथ कुछ भी काट सके। दूसरी नेत्री प्रदेश की पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ऊषा ठाकुर ने सभी को शस्त्रों के लायसेंस बनवाने की सलाह दी है। सवाल है कि क्या देश का माहौल इतना खराब है कि सभी को चाकू, बंदूक और रिवाल्वर रखने की जरूरत है? साध्वी प्रज्ञा एवं ऊषा ठाकुर के बयानों से तो यही लगता है। ऐसे में यदि राहुल गांधी कहते हैं कि देश के अंदर नफरत का माहौल है।

वे देश को जोड़ने और समाज में सदभाव बढ़ाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं, तो गलत क्या है? बाद में भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी ज्यादातार हिंदुओं को शस्त्र लायसेंस लेने की सलाह दे डाली। भाजपा अब तक राहुल गांधी की यात्रा का विरोध यह कह कर करती रही है कि भारत को जोड़नें की जरूरत नहीं है। देश में कहीं भी नफरत, वैमनस्यता का माहौल नहीं है। राहुल को यात्रा ही निकालनी है तो कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकालना चाहिए। ऊषा, प्रज्ञा और रामेश्वर के बयान इससे उलट हैं। इन्हें लगता है कि सभी को अस्त्र-शस्त्र रखना चाहिए। राहुल के विरोध से पहले भाजपा को अपनी लाइन तय करना चाहिए।

**सच्च हो या झूठ, सर्वे ने उड़ा दी नींद**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा कराया गया एक कथित सर्वे सुर्खियों में है। कमलनाथ ने खुद इस सर्वे को फर्जी बताया है। ऐसे में सर्वे सच्चा है या झूठा, इस पर प्रश्नचिन्ह है। फिर भी इसने कांग्रेस के अधिकांश विधायकों और चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों की नींद उड़ा रखी है। इस कथित सर्वे के अनुसार कांग्रेस के 95 विधायकों में से कमलनाथ की तत्कालीन सरकार के 17 पूर्व मंत्रियों एवं 37 मौजूदा विधायकों की स्थिति ही ठीक है। प्रदेश कांग्रेस द्वारा लगातार कहा जा रहा है कि पार्टी ने ऐसा कोई सर्वे नहीं कराया, बावजूद इसके नेताओं की धड़कन तेज हैं।

सूची में जिन विधायकों का जिक्र नहीं है, उनकी स्थिति कमजोर मानी जा रही है। लिहाजा, इन्हें अपने टिकट खतरे में दिखने लगे हैं। इसके अलावा जिन विधायकों की स्थिति अच्छी बताई गई है, वहां के अन्य दावेदार बेचैन हो गए हैं। इसलिए भी क्योंकि सर्वे में जिनकी स्थिति अच्छी बताई गई है, इनमें से कई की हालत क्षेत्र में खराब है। इन्हें जीत के लाले पड़ सकते हैं। कमलनाथ सर्वे के आधार पर टिकट देने की बात हमेशा करते रहे हैं। इसलिए मजबूत दावेदारों को उम्मीद है कि सर्वे में उनका नाम ऊपर होगा और विधायक का टिकट काटकर उन्हें मौका दिया जाएगा। लेकिन इस सर्वे ने इनके अरमानों पर भी पानी फेर रखा है। यह गुटबाजी और भितरघात का बड़ा कारण बन सकता है।

**असरदार नहीं रही इस सरदार की धार**

मालवा अंचल के एक सरदार पहले भी ट्वीट करते थे, अब भी कर रहे हैं। फर्क यह है कि पहले वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के पक्ष और भाजपा के विरोध में अपने शब्दों की धार तेज रखते थे, अब वे भाजपा में हैं। कांग्रेस छोड़ने के बाद भी उनके ट्वीट लगातार जारी हैं। अब वे कमलनाथ, राहुल गांधी और कांग्रेस के अन्य नेताओं को निशाना बनाते हैं। उनके ट्वीट देखने, पढ़ने से पता चलता है कि इस सरदार के ट्वीट की धार अब पहले जैसी असरदार नहीं रही। इसकी दो वजह हैं। एक, भाजपा ने अब तक उन्हें कोई दायित्व नहीं दिया है। इसलिए बिना किसी पद के वे ट्वीट करते हैं। इससे उनकी बात का वजन नहीं होता। दूसरा, उनके अधिकांश ट्वीट हलके होते हैं। उनमें न गंभीरता होती, न ही पहले जैसा पैनापन। बस कांग्रेस के खिलाफ लिखना है तो कुछ भी लिख दिया। सरदार जी के कुछ ट्वीट तो हंसी का कारण बनते हैं। संभवत- इसलिए क्योंकि वे पद की चाहत में बिना किसी मुद्दे के जबरन ट्वीट कर हमला बोल देते हैं। कई बार भाजपा के नेता ही कार्यालय में बैठकर उनके ट्वीट का मजाक उड़ाते दिखाई पड़े। सरदार जी भाजपा में जाने के बाद भी पहले जैसे सक्रिय रहें, अच्छी बात है, लेकिन कुछ भी लिखने से पहले उन्हें मुद्दों को परख लेना चाहिए। सिर्फ चर्चा में बने रहने के लिए कुछ भी ट्वीट कर देना ठीक नहीं।

# वो नए साल की रात, पान की तलब और जांगड़े साहब की व्यग्रता!

**आनंद कुमार शर्मा**

आज नए साल का आगाज़ हो चुका है, सभी पाठकों को नये वर्ष की ढेर सारी बधाइयाँ और शुभकामनाएँ। नए वर्ष को लेकर सब की अपनी अपनी योजनाएं बन चुकीं हैं, कई ढेर सारे ऐसे संकल्प भी पारित हो चुके होंगे जो अब आने वाले दिनों में टूटेंगे । मुझे याद है हमारे पढ़ने के दिनों में नए साल का मतलब था दूरदर्शन में साल की आखिरी रात का प्रोग्राम देखना। नौकरी में आने के बाद ज़रूर सरकारी महकमे के बीच नए वर्ष के आगमन को लेकर रखी जाने वाली पार्टियों में शिरकत होने लगी। इंदौर में जब मेरी पदस्थापना बतौर अपर कलेक्टर हुई तो नए साल में मैंने इंदौर के एसडीओ मनोज पुष्प से पूछा की नए साल का क्या कार्यक्रम है? पता चला कि रेसीडेंसी क्लब में नए वर्ष के आगमन को लेकर कार्यक्रम तो होते हैं पर बहुत कम अधिकारी इसमें शिरकत करते हैं।

हमने तय किया कि इस बार कलेक्ट्रेट में पदस्थ सभी साथी साथ में ही नया साल मनाएंगे। सारे लोगों के आगमन व पास आदि की व्यवस्था का ज़िम्मा मनोज पुष्प ने लिया और तब इंदौर में पदस्थ रहे सभी साथी विवेक श्रोत्रीय, गौतम सिंह, नारायण पाटीदार, महेश चौधरी साहब व श्रीप्रकाश जांगरे को मैंने मनाया कि आज सब साथ में सपरिवार नए साल का इस्तक़बाल करेंगे।

श्रीप्रकाश जांगरे तब इंदौर में अपर कलेक्टर थे और उनका परिवार भोपाल में रहा करता था, इस वजह से श्री जांगरे बड़ी बेदिली से इंदौर में रहा करते थे । पार्टी में सभी साथी अपने अपने परिवार सहित पधारे थे और श्रीमती जांगरे भी भोपाल से पधारी थीं। पार्टी शुरू हुई और जैसा कि अक्सर होता है , धीमे धीमे महिलाओं का ग्रुप अलग बन गया, पुरुष अलग ग्रुप में अलग विभाजित हो गए और बच्चे अलग।

नए साल के आगाज़ को कुछ समय बाक़ी था कि हममें से ही किसी ने ये सलाह दी कि नए वर्ष में चल के कहीं पान खाया जाये। हम सब इकट्ठे होकर इतनी रात पान की दुकान की तलाश में निकल पड़े । निकलते समय महिलायें अलग गाड़ी में और हम पुरुष वर्ग अलग गाड़ियों में हो गए। इतनी रात पान की कोई दुकान खोजना आसान नहीं था, नतीजतन खोज में दोनों गाड़ियां अलग अलग हो गयीं। जांगरे साहब साल भर से अपने परिवार से दूर नौकरी कर रहे थे और उनकी ये परम इच्छा थी कि नए वर्ष में घड़ियों में बारह बजते ही वे इसका आग़ाज़ भाभी जी के साथ ही करें, पर दोनों गाड़ियां अलग अलग थीं।

अब जांगड़े साहब की व्यग्रता बारह बजने के नज़दीक आते ही बढ़ने लगी और पान की तलाश छोड़, यह होड़ मचने लगी कि मैडम लोगो की गाड़ियां ढूँढी जाएँ कि वे सब आख़िर कहाँ हैं! फ़ोन खनख़नाए जाने लगे और बारह बजते बजते आखिर हमने एक दूसरे को ढूंढ ही लिया। जांगड़े साहब को चैन आया और दोनों पति पत्नी इतने प्रेम से मिले कि हमें सारे ऐतिहासिक प्रेमी प्रेमिका याद आ गए। सचमुच सरकारी नौकरी में मजबूरन पति पत्नी को एक दूसरे से दूर रहना ही पड़ता है और कभी कभी तो ऐसे क्षणों में भी जब एक-दूसरे के समीप रहना निहायत ही ज़रूरी रहता हो तब भी ये दूर दूर ही बने रहते हैं । पर हम अकेले नहीं हैं।

सेना के जवान, मज़दूरी की तलाश में बाहर गए मज़दूर साथी, अखबारनवीस और अत्यावश्यक सेवाओं में लगे भाई सभी अपने परिवारों से दूर रह कर ही नए साल का स्वागत करते हैं, तो सबसे पहले ऐसे ही लोगों को इस कामना से नए साल की बधाई कि जल्द ही वे अपने परिवारों के बीच हों ।

# यह एकांगी विकास और समाज का अंतिम व्यक्ति

**राकेश दुबे**

75 वर्ष बाद अमृत महोत्सव मानते अपने देश भारत में जहां आर्थिक असमानता चरम पर है और जातिवादी दुराग्रहों से सामाजिक न्याय की अवधारणा सिरे नहीं चढ़ सकी है , वहीं परिस्थितियां कमजोर वर्ग को राहत की मांग करती नज़र आ रही हैं। आज भी विभाजन, विस्थापन, प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं व महामारियों के चलते लाखों आबाद लोग सड़कों पर आ जाते हैं।विश्व की साधारण अवधारणा है कि किसी देश की तरक्की का एक पैमाना यह भी है उसका कोई नागरिक भूखा न सोये7 सत्ता में कोई भी रहा हो, यह सत्ताधीशों की जवाबदेही है तो प्रतिपक्ष पर निगहबानी जिम्मेदारी है ।

अच्छी स्थिति तो यह है कि हर हाथ को काम मिले और व्यक्ति को किसी राहत योजना का मोहताज न होना पड़े। साल-दर-साल आने वाली प्राकृतिक आपदाएं बाढ़, सूखा व अन्य प्रकोप गरीबों की संख्या में इजाफा करते हैं। यही वजह है कि अपने भरण-पोषण के दायित्व का निर्वहन न कर सकने वालों को सरकारी मदद की दरकार होती है। जो सरकारों की संवैधानिक बाध्यता भी है। कमोबेश इसी दायित्व के निर्वहन हेतु देश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून का क्रियान्वयन हुआ। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्रत्येक निर्धन व्यक्ति को हर माह पांच किलो अनाज मुफ्त मुहैया कराने की व्यवस्था की गई, तो वहीं दूसरी ओर अत्यधिक निर्धन परिवारों के भरण-पोषण के लिये बनी अंत्योदय योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को पैंतीस किलोग्राम अनाज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई।

लेकिन आज जहां खाद्य सुरक्षा के तहत दिये जाने वाले अनाज के लिये प्रतीकात्मक कीमत देनी पड़ती थी, वहीं अंत्योदय योजना में दिये जाने वाला अनाज मुफ्त ही दिया जाता है। देशव्यापी कोरोना संकट के बाद जब विषम परिस्थितियों के चलते व्यापक रोजगार संकट पैदा हुआ तो प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के जरिये भूख के संकट का समाधान निकालने का प्रयास किया गया। जिसका समय कालांतर बढ़ाया भी गया। अब सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को विराम दे दिया है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और अंत्योदय योजना के तहत दिये जाने वाले अनाज के वितरण की समय सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। जो मुफ्त मिलेगा?

कहने को कहीं न कहीं सरकार की मंशा है कि कोरोना संकट काल में प्रारंभ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के बंद होने से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लक्ष्य प्रभावित न हों। भूख और गरीबी भारत में बड़ा राजनीतिक मुद्दा भी रहा है। यही वजह है कि सरकार कह रही है कि इस योजना का लाभ देश के इक्यासी करोड़ से अधिक लोगों को मिलेगा। इस पर जो भारी-भरकम खर्च आएगा, उसे सरकार वहन करेगी। यह एक हकीकत है कि कोरोना संकट के चलते लगाये गये प्रतिबंधों व अन्य कारणों से देश में जो रोजगार संकट पैदा हुआ, वह भी अभी कोरोना पूर्व की अवस्था में नहीं पहुंचा है। देश में बेरोजगारी की दर बढ़ी हुई है। वहीं फिर कोरोना संकट को लेकर नई आशंकाएं जन्म ले रही हैं। ऐसे में गरीबी की रेखा के नीचे पहुंचे लोगों को संबल देना जरूरी था। वह भी तब जब विश्व भुखमरी सूचकांक में भारत की स्थिति में गिरावट देखी जाती रही है।

वहीं दूसरी ओर हकीकत यह भी है कि सरकार रूस-यूक्रेन युद्ध व मंदी के प्रभाव से आर्थिक चुनौती का सामना कर रही है। ऐसे में आधी से अधिक आबादी को मुफ्त अनाज लंबे समय तक उपलब्ध करा पाना मुश्किल ही रहेगा। वह भी तब जब ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ा है। साथ ही ओर कच्चे तेल के दामों में वृद्धि से आयात बढ़ा है और निर्यात में गिरावट आई है। ऐसे में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत देश की पचास प्रतिशत शहरी व 75 प्रतिशत ग्रामीण आबादी को अनाज उपलब्ध कराना यह भी संकेत है कि एकांगी विकास समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने में विफल रहा है।

हर हाथ को काम उपलब्ध कराने और सरकारी राशन पर लोगों की निर्भरता कम करने के लिये व्यापक रणनीति बनाने की आवश्यकता है। तभी सही मायनों में देश तरक्की कर पायेगा। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि भारत अगले वर्ष तक दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन जायेगा।

# कंझावाला क्रूरताः यह तो समूची इंसानियत की बेशर्म हत्या है..


**अजय बोकिल**

देश की राजधानी दिल्ली के बाहरी इलाके में नए साल की रात में स्कूटी पर घर लौटती एक युवती की नशे में चूर युवकों की कार में घसीट कर जिस रोंगटे खड़े कर देने वाले ढंग से मौत का मामला हुआ है, वह दरअसल समूची इंसानियत की ही बेशर्म हत्या है। इस मामले में दिल्ली पुलिस की अब तक की कहानी पर भरोसा करना उतना कठिन है, जितना कि यह मान लेना कि ये दुनिया अपने आप से चल रही है।

इस प्रकरण में पूरा घटनाक्रम इस बात को काले अक्षरों में रेखांकित करता है कि क्रूरता, नृशंसता और पैशाचिकता में हम दस साल पहले दिल्ली में हुए निर्भया प्रकरण की तुलना में मीलो आगे बढ़ गए हैं और मनुष्यता के पैमाने पर मीलों नीचे गिर गए हैं। इस बात पर भरोसा कैसे करें कि एक कार में एक युवती मय स्कूटी के फंसी और उस कार में सवार नशे में डूबे पांच युवा उसकी लाश को 15 किमी तक घसीटते रहें, उस युवती का शरीर तार-तार हो जाए, वो युवती बचाने के लिए ठीक से चीख भी न सके और चीखी भी हो तो दिल्ली में किसी ने वो चीख न सुनी हो, सरे आम सड़क पर घिस-घिस कर उसका निर्वस्त्र जिस्म टुकड़े टुकड़े बिखरता किसी ने न देखा हो, एक-दो संवेदनशील राहगीरों ने इस भयानक 'मोबाइल मर्डर' की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने भी उन नराधमो को पकड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। वो तो थर्टी फर्स्ट की रात सेलिब्रेशन में जुटे लोगों की निगरानी में व्यस्त थी।

यानी जो हुआ, वो सोचकर भी रोंगटे खड़े कर देता है। उससे भी ज्यादा क्षुब्ध करने वाली दिल्ली पुलिस की यह थ्योरी कि मामला शराब पीकर गाड़ी चलाने और महज एक हादसे का है।

दरअसल नए साल की रात दिल्ली की सड़कों पर जो हुआ, वो उस आफताब द्वारा लिव इन में रहने वाली अपनी प्रेमिका की हत्याकर 35 टुकड़े कर जंगल में सुकून के साथ फेंकने, एक पत्नी द्वारा अपने बेटे के साथ मिलकर पति की हत्याकर टुकड़े फ्रीज में रखने, एक नाबालिग बेटी द्वारा अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपनी ही मां की तकिए से मुंह दबाकर हत्या करने तथा इसका कोई अफसोस भी होने, एक उदीयमान युवा अभिनेत्री द्वारा सेट पर ही फांसी लगा लेने या फिर काल्पनिक स्वर्ग में जाने के लिए एक परिवार के एक दर्जन सदस्यों द्वारा शांति के साथ खुदकुशी कर लेने से भी भयानक और समूचे समाज के जमीर को झिंझोड़ने वाला है। क्योंकि कांझीवला मामले में जो हुआ है, उसमें कोई निजी खुन्नस, दुराग्रह, प्रतिशोध या राक्षसी सोच भले न थी लेकिन उससे भी कहीं ज्यादा भयावह और चिंताजनक वो अमानवीयता, बेपरवाही तथा आत्मकेन्द्रिकता थी, जहां मनुष्य सिर्फ और सिर्फ अपने सुख, स्वार्थ और भोग के बारे में सोचता है, उसे सर्वोपरि मानता है। बाकी उसे किसी से कोई मतलब नहीं। इतने खुदगर्ज तो शायद पशु भी नहीं होते।



राजनीतिक पार्टियां इस वीभत्स हादसे पर भी राजनीति भले कर लें, लेकिन इस सवाल का जवाब तो पूरे समाज को, हमारी संस्कृति को और सभ्यता को देना होगा कि आखिर हम जी किस समय में रहे हैं? तकनीकी तौर पर यह केस संभव है कि सिर्फ हादसे का साबित हो, क्योंकि पीकर शराब चलाते हुए उन्होंने घर लौटती युवती को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद दारू के नशे में मदहोश कार में सवार युवाओं ने एक क्षण के लिए भी यह न सोचा कि कम से कम गाड़ी की रफ्तार धीमी कर यह तो देख लें कि गाड़ी किससे और कैसे टकराई है। कई बार एक थप्पड़ भी नशा उतार देता है, यहां तो सीधे-सीधे एक गाड़ी दूसरे को कुचल रही थी। लेकिन उन संवेदनहीन युवाओं ने ऐसा कुछ करना तो दूर नए साल की मदहोशी में कार को घुमाना जारी रखा, मानो कुछ हुआ ही नहीं। इक्का दुक्का राहगीरों ने उन्हें रोकने की कोशिश भी की, लेकिन वो युवा मदमस्त अपने में ही व्यस्त थे। कोई मरे, कोई जीए, इससे उन्हें क्या। जिसने अपनी जान इतने वीभत्स तरीके से गंवाई, उसका दोष केवल इतना था कि वो बीते साल की आखिरी रात में अकेले यह सोच कर लौट रही थी कि आने वाले साल की सुबह उसकी जिंदगी में शायद कोई नया सपना या संदेशा लेकर आएगी।

इस मामले में कानूनी तौर पर क्या होगा, कैसे होगा, यह आगे की बात है। पर इस कांड ने देश तो क्या दुनिया को भी झकझोर दिया है। यह सवाल फिर उछाल दिया है कि एक मनुष्य इतना बेरहम और बेपरवाह कैसे हो सकता है? इस बात की पूरी संभावना है कि नशे में चूर युवकों को युवती की मौत की बात पता चल गई हो तो उन्होंने उसे पूरी तरह मिटाने की सोच ली हो। युवती की जान जाने से ज्यादा उन्हें अपनी जान बचाने की ज्यादा चिंता थी।

ऐसा नहीं कि क्रूरता की मिसालें पहले नहीं थीं। लेकिन उनके पीछे कभी वैचा?रिक तो कभी निजी कारणों से प्रतिशोध अथवा अवसाद का तत्व ज्यादा काम करता रहा है। लेकिन कंझावाला में विशुद्ध निर्ममता और संवेदनहीनता थी। ऐसी संवेदनहीनता जो मानवीयता को ही खारिज करती है। दुर्भाग्य से समूची दुनिया में मनुष्य को जानवर से भी ज्यादा क्रूर प्राणी बनाने में आज इंटरनेट का बड़ा हाथ है। आफताब ने अपनी प्रेमिका के टुकड़े-टुकड़े कर सुकून के साथ जंगल में फेंकने और घर में खून के धब्बे मिटाने के तरीके गूगल से सीखे थे। आज इंटरनेट पर देखकर उस उम्र के बच्चे भी सफाई से फांसी लगाकर जान गंवा रहे है, जिस उम्र में कभी लोगों को फांसी शब्द का सही सही मतलब भी मालूम नहीं होता था, उसे लगाना तो बहुत दूरी की बात है। थोड़ी भी मनमर्जी के खिलाफ बात होने पर लोग उस तरह खुदकुशी कर रहे हैं, मानो आत्महत्या न हुई, रोजमर्रा की सब्जी काटना हो गया।

ऐसा लगता है कि इंटरनेट हमारे ज्ञान की सीमाएं उस हद तक बढ़ा रहा है, जहां दरअसल कंटीले तारों की बाड़ होनी चाहिए थी। नेट ने दुनिया को करीब ला? दिया है, लेकिन मनुष्यता की मूल तत्व को दफनाने में भी कसर नहीं छोड़ी है। वरना कोई कारण नहीं था कि दिल्ली की सर्द रात में भी एक भी शख्स किसी तरह उस मीलो घिसटती जा रही युवती की देह में प्राण ज्योत बचा पाता।

विडंबना तो यह है ?क यह हादसा उस रात घटा, जब दिल्ली तो क्या लगभग पूरे देश की पुलिस अलर्ट पर थी। कैसे थी, यह इस हादसे ने बेनकाब कर दिया है। पुलिस कह रही है कि जो हुआ, वह सेक्सुअल असॉल्ट (यौनिक हमला) या सुविचारित मर्डर नहीं है। मान लिया, लेकिन जो हुआ है, वह इन अपराधों से भी ज्यादा भयानक और संवेदनाओं को सुन्न करने वाला है। कहीं ऐसा तो नहीं कि आपराधिक मानसिकता ने अब हत्या का एक बिल्कुल नया तरीका ईजाद किया हो, जिसे अदालत में इरादतन हत्या साबित करना भी मुश्किल हो। आरोपियों के मुता?बिक कार में तेज संगीत बजाने के कारण वह मृतका की चीख नहीं सुन सके। ऐसा संगीत भी किस काम का ? तो क्या हमारी युवा पीढ़ी के लिए संगीत भी मौत का नया नुस्खा है, जिसकी आड़ में कुछ भी किया सकता है?---

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

नैनपुर मंडला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक मैं भारतीय मजदूर संघ के संगठन मंत्री सम्मिलित हुए कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया एवं बताया गया है, कि उन्हें जिले के अधिकारियों द्वारा कई प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा है उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी भी दी जाती हैद्य संगठन मंत्री द्वारा उनकी समस्याओं को लेकर जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिया गया है। आज की बैठक में भारतीय मजदूर संघ के संगठन मंत्री श्री निरंजन सिंह जिला मंत्री दिनेश ठाकुर जिला अध्यक्ष प्रदीप दुबे मामा वन विभाग के जिला अध्यक्ष शीतल प्रसाद चौबे एवं आंगनबाड़ी के जिला अध्यक्ष श्रीमती भगवती बर्मन सचिव प्रतीक्षा चौबे, शबाना खान, रजनी गौतम ,नरबदिया बर्मन , शकुंतला चौधरी,लक्ष्मी टेकाम,संतोष पटेल, पंच ईश्वरी चौरसिया, माला चौबे हीरावती ऊईके एवं अन्य सदस्य सम्मिलित हुए।

# राशि वापस नहीं किए जाने पर 5 तत्कालीन सरपंचों एवं 2 सचिवों को जेल वारंट जारी

शिवपुरी-जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा जिले की ग्राम पंचायत के 5 सरपंचों एवं 2 सचिवों को वसूली राशि वापस नहीं किए जाने के कारण म प्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा-92 (2) की उपधाराओं के अधीन जेल वारंट जारी किए है। ग्राम पंचायत के 5 सरपंचों एवं 2 सचिवों में ग्राम पंचायत सिरसौद के तत्कालीन सचिव हरीश बैरागी, ग्राम पंचायत बरेला के तत्कालीन सचिव सतेन्द्र शर्मा, ग्राम पंचायत सिरसौद के तत्कालीन सरपंच रामदयाल धानुक, ग्राम पंचायत गौराटीला के तत्कालीन सरपंच श्रीमती शांति बाई, ग्राम पंचायत गणेशखेड़ा बदरवास की तत्कालीन सरपंच श्रीमती रामकुअर लोधी,ग्राम पंचायत गणेशखेड़ा पिछोर की तत्कालीन सरपंच श्रीमती रामप्यारी जाटव, ग्राम पंचायत विजयपुरा बदरवास के तत्कालीन सरपंच धंधूलाल शामिल है। जारी निर्देशों के तहत तत्कालीन सरपंच एवं सचिव जो कि ग्राम पंचायत में सरपंच व सचिव की हैसियत से ग्राम पंचायतो का अभिलेख या धन अपनी अभिरक्षा में रखता है, धन पंचायत को तत्काल परिदत्त करने के लिये लिखित सूचना दी गई।परंतु संबंधित सरपंचों एवं सचिवों के द्वारा अभी तक धन वापस जमा नहीं किया गया है इनके द्वारा धन संदत्त करने से इंकार किया है। इस कारण संबंधित सरपंचों एवं सचिवों को 30 दिवस की कालावधि के लिये सिविल जेल मे परिरूद्ध किये जाने हेतु संबंधित जेलर को थाना प्रभारियों के माध्यम से जेल वारंट जारी किये गये है।

# पुलिस अधीक्षक चंदेल को मिली पदोन्नति

शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल को राज्य शासन द्वारा प्रवर श्रेणी वेतनमान देकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ग्वालियर डी श्रीनिवास वर्मा ने नए साल के पहले कार्यदिवस को ग्वालियर कलेक्ट्रेट में श्री चंदेल के दोनों कंधों पर पदोन्नति के स्टार लगाए और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर ग्वालियर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी सहित अन्य अधिकारियों ने भी उन्हें बधाई दी। अपनी कार्यकुशलता के लिए पहचाने जाने वाले श्री चंदेल भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष-2010 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं। श्री चंदेल को इस उपलब्धि पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

# विधायक ने क्षेत्र का किया दौरा, जनता की सुनी समस्या

सिवनी– केवलारी विधानसभा के विधायक राकेश पाल सिंह अपने सघन दौरे पर हैं। जिसके चलते वह सिवनी विकासखंड के मंडल कान्हीवाड़ा ग्रामों का निरीक्षण कर रहे हैं। और जनता से रूबरू हो रहे हैं। वही लोगों द्वारा कुछ मूलभूत समस्याओं से उन्हें अवगत कराया जा रहा है। जिस पर विधायक सक्रियता दिखाते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देशित भी कर रहे हैं। जिसके चलते लोगों की समस्या का शीघ्र निराकरण हो रहा है। इन ग्रामों में पहुँचे विधायक अपने दौरा कार्यक्रम के दौरान विधायक राकेश पाल सिंह ने कटिया से प्रारंभ कर कटिया टोला, कामता, रामपुरी, चुटका, सेलुआ, भटेखारी, अलीनगर, जावना ग्रामों पर पहुंचे। वही पारंपरिक तरीकों विधायक की अगुवाई भी की गई।अधिकारियों को दिए निर्देश– विधायक ने क्षेत्र में पदस्थ अधिकारियों से कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक दें और उन्हें उसका लाभ दिलवाएं। और इस बात का भी ध्यान रखें की कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजना से वंचित न रह सके। केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने अपने उद्बोदन में बताया भीमगढ़ डेम की बायी एवं दायी तट नहर जल्द ही सीमेंटीकरण का कार्य मंजूर हो जाएगा जिससे हेड से टेल तक किसान भाइयों को सिंचाई का पानी आसानी से मिल सकेगा। केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ग्राम कामता में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में पहुँचकर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई किये। इस दौरा कार्यक्रम में केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह जी के साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे मजदूर परिवार के घर

सागर/ पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अरुण यादव जी अपने एक दिवसीय प्रवास पर सागर पहुंचे। यहां आकर वे सबसे पहले मकरोनिया क्षेत्र में भाजपा नेता और उसके परिवार द्वारा थार गाड़ी से रौंदकर गरीब मजदूर युवक जग्गू ऊर्फ जगदीश यादव की हत्या किए जाने से पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे। बाद में वे मकरोनिया पर आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होने के बाद मीडिया से भी मिले। श्री अरुण यादव पूर्व विधायक सुनील जैन, पूर्व अध्यक्ष स्वदेश जैन मंडलम अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा तथा अनिल यादव के निवास पर भी गए। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस महासचिव वीरसिंह यादव व विकास शर्मा भी उनके साथ भोपाल से आए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अरुण यादव के सागर शहर में प्रवेश करते ही मोतीनगर तिराहे पर जिला कांग्रेस की निवर्तमान अध्यक्ष रेखा चौधरी ग्रामीण अध्यक्ष स्वदेश जैन गुड्डू भैया प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ कटारे पूर्व विधायक सुनील जैन मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक पूर्व अध्यक्ष जगदीश यादव पार्षद ताहिर खान रिचा अनुज सिंह नीलोफर चमन अंसारी अजय अहिरवार दीनदयाल तिवारी साजिद राईन शुभम उपाध्याय आदिल राईन समेत सैकड़ों कांग्रेसजनों ने उनकी भव्य आगवानी कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

एक दिवसीय प्रवास पर सागर पहुंचे श्री अरुण यादव ने सीधे ही मृतक जगदीश यादव के निवास कोरेगांव जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अपनी व पार्टी की ओर से पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। श्री यादव ने पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और वे स्वयं उनकी पूरी लड़ाई लड़कर न्याय दिलाने का काम करेंगे।

बाद में उन्होंने स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर मीडिया से मुलाकात की। पत्रकार वार्ता का संचालन मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने किया। इस दौरान जिला प्रवक्ता डॉ दिनेश पटेरिया तथा लक्ष्मीनारायण सोनाकिया भी उपस्थित रहे। मीडिया को संबोधित करते हुए श्री अरुण यादव ने कहा कि सागर जिले में भाजपा और इसके नेताओं का गुंडाराज कायम हो चुका है। जिले में कांग्रेस कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि आम जनता और मीडिया जगत भाजपा नेताओं की गुंडागर्दी से अछूता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां का प्रशासन संविधान और कानून से नहीं बल्कि भाजपा के मंत्री विधायक और नेताओं के अनुसार काम कर



रहा है। भाजपा के नेता और उसके परिवार द्वारा गरीब मजदूर युवक जगदीश यादव की गाड़ी से रौंदकर जिस निर्ममता से हत्या की है वह बेहद निंदनीय और सरकार के लिए शर्मनाक है। इतनी बड़ी विभत्स घटना के बाद भी मुख्य आरोपी को पकड़ा नहीं जाना सरकार के संरक्षण की ओर इशारा करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर तंज कसते हुए कहा कि वे एक तरफ माफिया और गुंडा तत्वों के घर मकान बुलडोजर से गिराने और उन्हें जमीन के 10 फीट नीचे गाड़ने की बात करते हैं। वहीं दूसरी तरफ सागर की उक्त घटना के 10 दिन बाद भी कार्यवाही नहीं होने और मुख्य अपराधी नहीं पकड़े जाने से उनके दावों की हकीकत को खुद ही बयान करती है और पूरी तरह से जुमला साबित होती है। श्री अरुण यादव ने कहा कि पूरा सागर जिला राजनीतिक प्रतिशोध की आग में झुलस रहा है। भाजपा के मंत्री विधायक और नेता कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को ही नहीं बल्कि आम जनता और पत्रकारों को भी अपना निशाना बनाकर उनके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करने, शासन की शक्ति का दुरुपयोग कर उनके घर मकान और छोटे-छोटे कारोबार को नष्ट कर लगातार प्रताड़ित करने का काम कर रहे हैं। यहां का प्रशासन तंत्र और पुलिस भी उनके बाबुओं की तरह काम कर रहा है। कांग्रेस पार्टी अब इन सब को लेकर चुप बैठने वाली नहीं है। भाजपा की इन कारगुजारीयों का सड़क से लेकर सदन और न्यायपालिका तक पूरी ताकत से मुकाबला कर जवाब दिया जाएगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अरुण यादव ने पूर्व विधायक सुनील जैन तथा कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी श्रीमती निधि जैन से उनके निवास पर पहुंचकर मुलाकात की। उन्होंने जिला ग्रामीण कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष तथा जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष स्वदेश जैन गुड्डू भैया के निवास पर पहुंचकर उनकी अस्वस्थ माताजी से भेंटकर स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। श्री अरुण यादव कांग्रेस कार्यकर्ता कल्लू पटेल के आग्रह पर पार्टी के मंडलम अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा की माताजी के निधन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने भी उनके निवास पर पहुंचे। श्री अरुण यादव इसी बीच श्री अनिल यादव और उनके परिवार से मुलाकात करने उनके निवास पर पहुंचे और यहां से भोपाल के लिए प्रस्थान कर गए।


इस दौरान प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह मुहासा विधायक सरवन सिंह लोधी चक्रेश सिंघई मुकुल पुरोहित अमित रामजी दुबे डॉ अंकलेश्वर दुबे नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव सिंटू कटारे सैयद महजबीन अली दुलारे उस्ताद राकेश राय जमना प्रसाद सोनी सौरभ खटीक समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# 28 को मां नर्मदा जयंती के साथ मनाया जाएगा नर्मदापुरम नगर का गौरव दिवस

## कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा , तवा पर ,डे आईलैंड टूर,इवेंट शुरू करने के दिए निर्देश

नर्मदापुरम/ मां नर्मदा जयंती और नर्मदापुरम नगर का गौरव दिवस 28 जनवरी को मनाया जाएगा। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजनों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने नगरपालिका नर्मदापुरम को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाए। किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे यह सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री एसएस रावत, अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट उपस्थित रहे।

बैठक में सीएमओ श्री नवनीत पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि नर्मदा जयंती की आधारभूत तैयारियां अपने पूर्णता की ओर हैं। रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण कर लिया गया। अभियान चलाकर सेठानी घाट से लेकर काले महादेव मंदिर तक सघन साफ सफाई की गई हैं। रंग रोगन का कार्य तेजी से जारी है जिसका गुणवत्ता परीक्षण भी नियमित रूप से किया जा रहा है। ताकि रंगरोगन लंबे समय तक यथावत रहें। बताया कि मां नर्मदा जयंती और नर्मदा गौरव दिवस



कार्यक्रम के भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली गई हैं।

### धान उपार्जन कार्य व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराएं

कलेक्टर श्री सिंह ने धान उपार्जन कार्य की तहसीलवार समीक्षा कर निर्देश दिए कि जिले में धान उपार्जन अपने अंतिम चरण में हैं। ऐसे में सभी एसडीएम और तहसीलदार धान उपार्जन की माइक्रो मॉनिटरिंग करें। गोदामों की भी कड़ाई से निगरानी की जाए।जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती ज्योति जैन सिंघई ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए अभी तक 31103 किसानों ने स्लॉट बुकिंग की हैं। जिसमें से 23781 किसानों से 272271 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। 306.65 करोड़ का भुगतान किसानों को किया गया हैं।

### डे आईलैंड टूर होगा प्रारंभ

एसडीएम इटारसी श्री मदन सिंह रघवंशी ने बताया कि तवा से परसासापानी के बोटिंग के दौरान पड़ने वाले टापू पर पानी उतरा चुका हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए यहां प्रस्तावित डे आइलैंड टूर का इवेंट शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

# 9 नगरीय निकाय चुनाव में रायशुमारी के लिए प्रभारी बनाए गए

## 166 वार्डो में एक साथ एक समय होगी रायशुमारी

धार - भारतीय जनता पार्टी ने आगामी नगरी निकाय चुनाव को लेकर रायशुमारी के लिए प्रभारियों की घोषणा कर दी है जिले में 3 नगर पालिका परिषद और 6 नगर परिषद के चुनाव होना हे कुल 9 नगरीय निकाय में रायसुमारी हेतु प्रभारी बनाए गए हैं ।भाजपा जिला कार्यालय पर एक महती बैठक में जिला संगठन प्रभारी श्याम बंसल और जिला अध्यक्ष राजीव यादव ने नगरीय निकाय चुनाव में 9 नगरीय निकायों में रायसुमारी के लिए प्रभारी घोषित किया है।

जिला अध्यक्ष राजीव यादव ने बताया कि जिले के नो स्थानीय निकायों के रायसुमारी परिवेक्षक के रूप में प्रभारी बनाया गया है जो इस प्रकार है।पिथमपुर नगर पालिका प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री सन्नी रिन, धार नगर पालिका प्रभारी जिला कार्यालय मंत्री मनोज ठाकुर, मनावर नगर पालिका प्रभारी जिला उपाध्यक्ष विकास मेहरवाल , सरदारपुर नगर परिषद प्रभारी भाजपा नेता नरेश राजपुरोहित, कुक्षी नगर परिषद प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे, डही नगर परिषद प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष निलेश राठौड़,धरमपुरी नगर परिषद प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री जयराम गावर एवं सह प्रभारी डॉ विजयवर्गीय, राजगढ़ नगर परिषद प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री प्रकाश धाकड़, धामनोद नगर परिषद प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू श्रीमाली को बनाया गया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया की 9 नगरीय निकायों के 166 वार्डो में मंगलवार 3 जनवरी को जिले में एक साथ एक समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपेक्षित श्रेणी के सदस्यों को आमंत्रित कर इसमें पार्षद के दावेदारों के नामों को लेकर रायसुमारी होगी। इस के लिए संगठन ने बैठक कर के 9 नगरीय निकाय रायसुमारी प्रभारी और 166 वार्डो में रायसुमारी हेतु वार्ड परिवेक्षक नियुक्त कर दिए है।

## 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुराचार

# घटना से तनाव, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

बैतूल। जिला मुख्यालय पर 14 वर्षीय एक किशोरी के साथ दुराचार का मामला सामने आया है। घटना के बाद लोगों ने इसका जमकर विरोध किया। विरोध के चलते रात को ही भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के आजाद वार्ड निवासी एक 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुराचार किये जाने का मामला सामने आते ही लोगों की भीड़ जुट गई और उन्होंने आरोपी के घर तोडफोड़ और आगजनी करने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण कर लिया। हालांकि अज्ञात द्वारा एक कार में आग लगाने की बात सामने आ रही है। एएसपी नीरज सोनी ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच की जा रही है। विरोध को देखते हुए मौके पर




भारी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात कर दिया गया था। आरोपी के खिलाफ 376(1), 376(2)एन 376(3) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3,4,5एन, 6 के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### इनका कहना है -

आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जायेगी। भीड़ में जिन लोगों ने कार को जलाकर उपद्रव किया है। उनके खिलाफ भी मामला दर्ज होगा। अभी स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

# वालीबॉल एसोसिएशन की साधारण सभा सागर में

मध्य प्रदेश वालीबॉल एसोसिएशन द्वारा दिनांक 05/11/2022 को साधारण सभा का आयोजन सभा स्थल सागर में किया गया जिसमें मध्य प्रदेश एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव व एसोसिएशन में सभी गणमान्य सदस्यों के द्वारा खंडवा वालीबॉल एसोसिएशन को सभा में मान्यता दी गई खंडवा वालीबॉल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष श्री शंभू प्रजापति ने सभा में उपस्थित होकर सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया खंडवा वालीबॉल एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य। अध्यक्ष श्री अमर यादव उपाध्यक्ष श्रीउज्जवल अरोरा सचिव श्री





तेजपाल महाजन सहासचिव श्री अमित जांगिड़ कोषाध्यक्ष श्री शंभू प्रजापति सहाकोषाध्यक्ष राजेंद्र नायडू। एवम् निर्भय सिंह लोधी , वरुण यादव , सुजल यादव , आदिल खान समेत सभी खिलाडी उपस्थित थे ।

# रूह कांप जायेगी ऐसी कार्यवाही करेंगे चक्का जाम के दौरान, बोले सिवनी पुलिस अधीक्षक

सिवनी– भाजपा के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बरघाट के ऊपर हुये क्रिकेट मैच खेलते समय मैदान में चाकू और स्टंप लेकर प्राण घातक हमले के विरोध में भाजयुमो द्वारा किया गया चक्काजाम

पुलिस प्रशासन से आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा सिवनी मुख्यालय के मिशन ग्राऊंड में चल रहे एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट को बंद कराने एवं एसपीएल टूर्नामेंट के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष बरघाट के ऊपर किये गये हमले के लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु गांधी भवन चौक में आवागमन को अवरूध करते हुये चक्काजाम किया गया। जानकारी के अनुसार सिवनी के लोगों के ह्दय में बसने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट एसपीएल में नये वर्ष के पहले दिन 1 जनवरी 2023 को मिशन स्कूल ग्राऊंड में क्रकेट मैच के दौरान मैच में फिल्डिंग कर रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष बरघाट अंशुल पवार के ऊपर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा ग्राऊंड में घुसकर चलते मैच में हमला किया गया था। भाजपा मंडल अध्यक्ष के ऊपर किये गये हमले के दौरान सैकड़ो की संख्या में दर्शक, क्रिकेट मैच खेल रहे खिलाड़ी और एसपीएल टूर्नामेंट की कमेटी मूक बनकर देखती रही। भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष युवराज राहंगडाले द्वारा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बरघाट अंशुल पवार पर मैच के दौरान हुये हमले की निंदा करते हुये कहा है कि मिशन स्कूल ग्राऊंड में चल रहे एसपीएल टूर्नामेंट के दौरान सरेआम खिलाड़ी अंशुल पवार पर प्राण घातक हमला बेहद ही निंदनीय है

उन्होंने बताया कि अंशुल पवार पर हमले के तुरंत बाद संगठन के लोगों द्वारा खिलाड़ी अंशुल पवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।वहीं ज्यादा चोट आने के कारण जिला अस्पताल से अंशुल पवार को नागपुर के लिये रिफर कर दिया गया। भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष युवराज राहंगडाले द्वारा कहा गया कि दुर्भाग्य की बात है कि शहर के ह्दय में चल रहे जिला के सबसे बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट में न समिति द्वारा कोई सुरक्षा व्यवस्था की गई है और न ही पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कोई इंतजाम किये गये जिसके चलते अज्ञात लोगों द्वारा इतनी बड़ी दुघटना को अंजाम दिया गया। आगे कहा गया कि बगैर कार्य के कोई भी व्यक्ति ग्राऊंड में क्रिकेट खेल रहे खिलाड़ी को धार धार चाकू से हमला कर जान से मारने की कोशिश करता है यह हमारे सिवनी शहर की अमन शांति के लिये बहुत ही चिंतनीय विषय है। इस तरह की घटना ठीक नहीं। जब तक प्रशासन ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने का आवश्वासन नहीं देता है इसके साथ ही उन अज्ञात लोगों पर कड़ी कार्यवाही नहीं की जाती है भाजपा युवा मोर्चा एवं जिला भाजपा पदाधिकारियों द्वारा किये गये चक्काजाम के दौरान पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ पहुंचे जहां उन्होंने चक्का जाम कर रहे भाजपा युवा मोर्चा एवं जिला अध्यक्ष भाजपा आलोक दुबे की अगुवाई में वहां उपस्थित लोगों को आश्वासन देते हुये क्रिकेट खेल रहे खिलाड़ी अंशुल पवार पर किये गये प्राण घातक हमले के अज्ञात लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने की बात कहा।

## अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का दूसरा दिन

# जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर और सिवनी ने जीते मैच

इटारसी // नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में जिला हॉकी संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज चार मैच खेले गये। आज के दिन मैचों में गोलों की बौछार हुई। दूसरे दिन चार मैचों में कल 23 गोल हुए। डीएचए के अध्यक्ष प्रशांत जैन, मार्गदर्शक एससी लाल, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, जयराज सिंह भानू, सचिव कन्हैया गुरयानी, उपाध्यक्ष मो. जाफर सिद्दीकी सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्य इस मौके पर उपस्थित रहे।

**इन टीमों के बीच मुकाबला** - पहला मैच सिवनी और उज्जैन के मध्य खेला गया। सिवनी की टीम के अमन ने छटवे मिनट में गोल करके टीम को बढ़त दिलायी और सातवे मिनट में विशाल ने दूसरा गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया। सिवनी टीम ने 34 वे मिनट में तीसरा गोल किया जो अंत तक रहा। सिवनी की टीम ने यह मैच 3-0 गोल से जीत लिया।

- दूसरा मैच जबलपुर और हरदा के मध्य खेला गया। जबलपुर की टीम के विवेक ने तीसरे ही मिनट में मैदानी गोल करके बढ़त बना ली। जबलपुर के विवेक ने दूसरा गोल पेनाल्टी स्ट्रोक से किया। हरदा के प्रशांत ने गोल करके बढ़त को कम किया, लेकिन दूसरे हाफ में विवेक ने तीसरा गोल करके स्कोर 3-1 कर दिया जो अंत तक रहा।

- तीसरा मैच बालाघाट और इंदौर के मध्य खेला गया। इंदौर के दीपक ने पहला गोल करके टीम को बढ़त दिलायी। दूसरे क्वार्टर में इंदौर के सौरभ ने गोल किया और बढ़त 2-0 कर दी। मध्यांतर तक टीम 2-0 से आगे रही। तीसरे क्वार्टर में इंदौर के अख्तर ने तीसरा गोल किया। अंतिम परिणाम 3-0 से इंदौर टीम के पक्ष में रहा।


- आज का चौथा और अंतिम मैच टीकमगढ़ और ग्वालियर के मध्य खेला गया। मध्यांतर के पूर्व ग्वालियर ने दबाव बनाया और 6 वे और 7 वे मिनट में टीम के मुदस्सर और हिमांशु ने गोल किये। तीसरा मैदानी गोल जय राठौर और चौथा गोल पेनाल्टी स्ट्रोक में कौशल ने किया। ग्वालियर ने 7 गोल किये और टीकमगढ़ ने 3 गोल किये।

**ये रहे आज के अतिथिः** आज प्रथम मैच सुबह 11:30 बजे से प्रारंभ हुआ। प्रथम मैच में पत्रकारों ने सिवनी और उज्जैन के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। पत्रकार शिव भारद्वाज, अनिल मिहानी, सुधांशु मिश्र, संजय शर्मा, बसंत चौहान, कृष्णा राजपूत, राकेश पटेल, भूपेन्द्र विश्वकर्मा, सुनील दुबे, अरविंद शर्मा, राजकुमार बावरिया, बलराम मिश्रा, कुशल नवथले, प्रदीप तिवारी, खेमराज परिहार। दूसरे मैच में पार्षद गीता पटेल, कीर्ति दुबे, वंदना ओझा, सीमा भदौरिया, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष जागृति भदौरिया, बबीता चौहान, रेखा मालवीय पूर्व पार्षद, अभिषेक सिंह, शायनी सिंह, नीतेश शुक्ला और योगेश राजभर। तीसरे मैच में समाजसेवी राकेश चतुर्वेदी, गांधी सभा भवन ट्रस्ट के सचिव संतोष गुरयानी, पार्षद राकेश जाधव, मनजीत कलोसिया, राहुल प्रधान, शुभम गौर, गोपाल शर्मा, शुभम राठौर, कुलदीप रघुवंशी, गौरव बड़कुर, सौरभ मेहरा, सुनील पाठक, संजीव कैथवास और अनिल सोनकिया। चौथे मैच में नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, डॉ.पीएम पहारिया, विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल, दीपक अठौत्रा, गोविन्द बांगड़ और सांसद प्रतिनिधि हन्नू बंजारा, एवं अम्पायर के लिए रवि हरदुआ इटारसी, रूपेन्द्र झांसी, प्रवीण पसेरिया, जबलपुर, अमित झांसी और रमीज सिवनी। टेक्नीकल टीम में दीपसिंह ठाकुर, मनीष कोलते जाकिर तथा प्रसारण विभाग में अरुण रावर्ट शामिल हैं।

# उपभोक्ता आयोग नर्मदापुरम का आदेशएक्सिस बैंक को देना होगा किसान की फसल बीमा राशि

इटारसी//नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा तहसील से सटे ग्राम खल के किसान राजेश पिता निर्भयसिंह रघुवंशी को एक्सिस बैंक शाखा सिवनी मालवा के माध्यम से खरीफ 2020 की फसल बीमा राशि 92632 रू. एवं वाद व्यय व मानसिक संत्रांस के 13000 रू. उपभोक्ता आयोग नर्मदापुरम के आदेशानुसार मिलेंगे। यह आदेश आयोग के मान0 अध्यक्ष/न्यायाधीश श्री विपीन बिहारी शुक्ला एवं मान0 सदस्य सरिता द्विवेदी व श्री सतीश कुमार शर्मा के द्वारा दिया गया है। पीड़ित किसान की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि सिवनी मालवा तहसील के ग्राम खल के किसान राजेश रघुवंशी का के.सी.सी. खाता एक्सिस बैंक शाखा सिवनी मालवा में है, खरीफ 2020 के लिए बैंक द्वारा किसान के खाते से बीमा प्रीमियम राशि तो काट ली गई थी, मगर किसान के राजस्व दस्तावेजों की जानकारी केन्द्र सरकार के पोर्टल पर दर्ज नहीं की थी, जिस कारण किसान को गांव के अन्य किसानों के साथ बीमा राशि नहीं मिली, तब किसान द्वारा अधिवक्ता के माध्यम से उपभोक्ता आयोग नर्मदापुरम में आवेदन दिया गया । निराकरण आयोग द्वारा किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अनुसार नियमित ऋणी किसान की बीमा प्रीमियम राशि काटने के साथ ही उसकी जानकारी पोर्टल पर दर्ज करना बैंकों के लिए अनिवार्य है मगर इस प्रकरण में बैंक द्वारा लापरवाही की गई। अब किसान को फसल बीमा राशि 92632 रू. अतिरिक्त मानसिक संत्रांस के 10000 रू. व वाद व्यय के 3000 रू. परिवाद प्रस्तुत दिनांक से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित मिलेंगे।

## हुंदै मोटर ने तरुण गर्ग को पदोन्नत कर सीओओ बनाया, कृष्णन बने सीएमओ




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** हुंदैमोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने अपने वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के कई अधिकारियों को पदोन्नत कर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। तरुण गर्ग को कंपनी का मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) बनाया गया है। अभी तक वह निदेशक (बिक्री, विपणन और सेवा) थे। अपनी नई भूमिका में गर्ग बिक्री, विपणन, सेवा और उत्पाद रणनीति का काम देखेंगे।

इसके अलावा गोपाल कृष्णन सीएस को मुख्य विनिर्माण अधिकारी (सीएमओ) के रूप में पदोन्नत किया गया है। अभी तक वह उपाध्यक्ष (उत्पादन) थे। नई भूमिका में वह उत्पादन, गुणवत्ता प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला का कामकाज देखेंगे। ये पदोन्नतियां एक जनवरी, 2023 से प्रभावी हैं। गर्ग और गोपाल कृष्णन इन नई भूमिकाओं के अलावा हुंदै मोटर्स के बोर्ड में पूर्णकालिक निदेशक बने रहेंगे।

## एसएमईवी ने कहा कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 2023 में लक्ष्य से 20 प्रतिशत कम हो सकती है



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री वित्त वर्ष 2022-23 में 10 लाख इकाइयों के बिक्री लक्ष्य से 20 प्रतिशत तक कम रह सकती है। उद्योग निकाय एसएमईवी ने कहा कि ऐसा मुख्य रूप से सरकार द्वारा लगभग 1,100 करोड़ रुपये की सब्सिडी रोके जाने के कारण होगा। सोसाइटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एसएमईवी) ने कहा कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 2022 में लगभग छह लाख इकाई रही। इस दौरान तीन प्रमुख इलेक्ट्रिक दोपहिया (ई2डब्ल्यू) विनिर्माताओं - हीरो इलेक्ट्रिक, ओला और ओकिनावा - ने पहली बार एक लाख वार्षिक बिक्री का आंकड़ा पार किया।

इन तीन कंपनियों ने ई2डब्ल्यू बाजार पर अपना दबदबा बनाए रखा और कुल बाजार हिस्सेदारी के 50 प्रतिशत से अधिक पर इनका कब्जा रहा। एसएमईवी ने कहा कि 2022 में ई2डब्ल्यू उद्योग का प्रदर्शन लगभग छह लाख इकाइयों की बिक्री के साथ सकारात्मक है, लेकिन यह नीति आयोग और कई अन्य अनुसंधान एजेंसियों के अनुमानों के मुकाबले कम है। एसएमईवी के महानिदेशक सोहिंदर गिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में दिसंबर तक बिक्री लगभग पांच लाख इकाई रही और पूरे वित्त वर्ष के दौरान बिक्री नीति आयोग के अनुमानों से 20 प्रतिशत कम रह सकती है। नीति आयोग ने 2022-23 में 10 लाख इकाई बिक्री का अनुमान जताया है।

## अप्रैल-नवंबर में बिजली की कमी मामूली रूप से बढ़कर 0.6 प्रतिशत हुई, मांग करीब 11 प्रतिशत बढ़ी



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश में बिजली की जरूरत और आपूर्ति के बीच का अंतर चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर के बीच मामूली रूप से बढ़कर 0.6 प्रतिशत हो गया। हालांकि इस अवधि में बिजली की मांग करीब 11 प्रतिशत बढ़ गई जो अर्थव्यवस्था में तेजी का सूचक है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश में बिजली की कमी अप्रैल से नवंबर 2022 के बीच 569.1 करोड़ यूनिट रही जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 405.8 करोड़ यूनिट थी। विशेषज्ञों का मानना है कि बिजली की इस कमी के कारण तकनीकी हैं। उनका कहना है कि भारत में पर्याप्त बिजली उपलब्ध है लेकिन कई बार वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के पास बिजली की निरंतर आपूर्ति के लिए पैसा नहीं होता है। बिजली उत्पादकों ने अप्रैल-नवंबर 2022 के बीच कुल 1012.249 अरब यूनिट बिजली की आपूर्ति की जबकि इस अवधि में बिजली की मांग 1017.94 अरब यूनिट रही। इस तरह बिजली की कमी 0.6 फीसदी रही। एक साल पहले अप्रैल-नवंबर 2021 में 916.529 अरब यूनिट बिजली की आपूर्ति की गई थी जबकि मांग 920.587 अरब यूनिट रही थी।

## 2023-24 में कोयला उत्पादन 99.7 करोड़ टन रहने की संभावना

**नई दिल्ली।** देश में अगले वित्त वर्ष 2023-24 में 99.71 करोड़ टन कोयला उत्पादन होने का अनुमान है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी सीआईएल का उत्पादन 76 करोड़ टन रहने की उम्मीद है। इसके बाद सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) का उत्पादन 7.5 करोड़ टन और कैप्टिव खदानों तथा



अन्य उत्पादन 16.21 करोड़ टन रहेगा। आंकड़ों के अनुसार 2024-25 के दौरान देश में 111.16 करोड़ टन कोयले का उत्पादन होने की उम्मीद है। इसमें कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की हिस्सेदारी 85 करोड़ टन रह सकती है। इसके अलावा एससीसीएल का उत्पादन आठ करोड़ टन और कैप्टिव एवं अन्य उत्पादन 18.16 करोड टन रह सकता है। इसके बाद वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान देश में कोयले का उत्पादन 128.83 करोड़ टन होने की उम्मीद है। इसके अगले वर्ष यह आंकड़ा बढ़कर 134.28 करोड़ टन तक पहुंच सकता है। कोल इंडिया का घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान है।



## मुख्यमंत्री के साथ समाजसेवियों ने किया पौधरोपण

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट सिटी उद्यान में पीपल, कचनार और नीला गुलमोहर के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ नर्मदापुरम की सामाजिक कार्यकर्ता व पार्षद श्रीमती आरती बैंस ने अपने पुत्र रघुराज के जन्म दिवस पर पौधारोपण किया। बालक रघुराज सिंह तथा परिवार के सदस्य लक्ष्मण सिंह, देवेंद्र सिंह और पुत्री सुश्री नंदनी बेस साथ थी। मुख्यमंत्री के साथ टेलीविजन चैनल न्यूज़ 18 के असिस्टेंट प्रोड्यूसर धनंजय कुमार गुप्ता ने अपने जन्मदिवस पर पौधा लगाया। श्रीमती ज्योति गुप्ता, अहाना गुप्ता और आरना गुप्ता व अंशुमन गुप्ता साथ थे।

## मुख्यमंत्री चौहान ने किया शासकीय केलेंडर का विमोचन




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में मध्यप्रदेश शासन के वर्ष 2023 के शासकीय केलेंडर, शीट केलेंडर, नोटबुक और ई-डायरी का विमोचन किया। इस अवसर पर मंत्रीगण उपस्थित थे। मध्यप्रदेश शासन का वर्ष 2023 का केलेंडर अद्भुत मध्यप्रदेश%% की थीम पर है। केलेंडर के चित्रों में जो विषय प्रमुख रूप से लिए गए हैं, उनमें प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में मध्यप्रदेश में अफ्रीका से लाकर चीतों को बसाने की शुरूआत, स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण सम्मेलन, जल जीवन मिशन के कार्य, लाड़ली लक्ष्मी योजना, एक जिला एक उत्पाद योजना, अंकुर अभियान, सीएम राइज स्कूल, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेसा अधिनियम लागू करने की उपलब्धि, मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में हितग्राहियों को चिन्हित कर लाभान्वित करने आदि को चित्रों के माध्यम से सामने लाया गया है। मुख्यमंत्री चौहान ने बहुरंगी और आकर्षक ढंग से आकल्पित केलेंडर की साज-सज्जा की प्रशंसा की।

# केके : जो टाटा की झोली में लेकर आए थे टेटली, रतन टाटा के बेहद करीबी, कर गए भावुक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केके यानी आर के कृष्णकुमार वे शख्स थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन टाटा ग्रुप को दे दिया। उन्होंने ही दुनिया के दूसरे सबसे बड़े टीबैग्स प्रॉड्यूसर टेटली को टाटा की झोली में लाकर दम लिया था। टाटा संस के डायरेक्टर से लेकर ग्रुप की कई कंपनियों में प्रमुख पद पर रहे केके अब इस दुनिया में नहीं हैं। रविवार शाम दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। केके ने टाटा टी को एक छोटी सी चाय बागान कंपनी से दिग्गज ब्रैंड बनाया। वे टाटा टी के एमडी रहे थे। रतन टाटा और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन केके के निधन पर भावुक हैं। रतन टाटा ने कहा कि केके के निधन से मुझे जो नुकसान हुआ, उसे बयां नहीं किया जा सकता।

**चेन्नई से की अपनी सारी पढ़ाई–** कृष्णकुमार का जन्म केरल के थलास्सेरी में हुआ था। उन्होंने चेन्नई में मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज हायर सेकेंडरी स्कूल से अपनी शुरुआती पढ़ाई की। उनके पिता चेन्नई में पुलिस कमिश्नर थे। उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन लोयोला कॉलेज, चेन्नई से की। इसके बाद उन्होंने अपनी मास्टर्स डिग्री भी मद्रास यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंसी कॉलेज से ही की। आर के कृष्णकुमार रतन टाटा के बेहद करीबी थे। वे टाटा संस के डायरेक्टर रहे। सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी रहे। टाटा प्रशासनिक सेवा के सदस्य रहे। टाटा ग्रुप के कई अधिग्रहणों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने साल 2000 में 271 मिलियन पाउंड में टाटा ग्रुप की झोली में टेटली लाकर दी। इससे टाटा ग्लोबल बेवरेजेस दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी बन गई थी। व्यापार और उद्योग में योगदान के लिए भारत सरकार ने साल 2009 में उन्हें चौथा सबसे बड़े नागरिक अवार्ड पद्मश्री से सम्मानित किया था।

# आज से आरटीओ के कई काम ऑनलाइन

इंदौर। पुराने वाहनों के नाम ट्रांसफर, वाहनों से फाइनेंस कटवाना, वाहन की एनओसी लेना जैसे कामों के लिए अब आरटीओ जाने से 2 जनवरी से मुक्ति मिल गई। अब लोग घर बैठे यह काम कर सकेंगे। पहले यह सुविधा गैर व्यावसायिक वाहनों के लिए मिलेगी। बाद में इसे सभी प्रकार के वाहनों के लिए शुरू कर दिया जाएगा।

आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि हमने इसके लिए 18 दिसंबर से पुराने सिस्टम को बंद कर दिया था। मध्य प्रदेश परिवहन के सर्वर पर मौजूद हमारे करीब 13 लाख वाहनों का डाटा को हमने केन्द्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल पर ट्रांसफर कर दिया है। अब सोमवार यानी 2 जनवरी से इसे लागू कर दिया जाएगा। शुरुआत में आने वाली दिक्कतों को लेकर हमने आईटी टीम को अलर्ट पर रखा है। बाद में इसे सभी प्रकार के वाहनों के लिए कर देंगे।



शर्मा ने बताया कि जो आवेदक अपने आधार कार्ड की मदद से यह काम करेंगे, उन्हें कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जो लोग आधार कार्ड के बिना यह काम करेंगे, उन्हें अपने दस्तावेज लेकर कार्यालय आना पड़ेगा।

**ऐसी रहेगी नई व्यवस्था**

वाहन पोर्टल पर जाकर आनलाइन सेवाओं का विकल्प चुनना होगा। वाहन का नंबर डालना होगा। यहां पर नाम ट्रांसफर, फाइनेंस कैंसिलेशन, डुप्लीकेट पंजीयन कार्ड जैसे विकल्प आएंगे। संबंधित विकल्प का चुनाव करना होगा। यहां पर मोबाइल नंबर डालना होगा, इसके बाद एक ओटीपी आएगा, इसे डालना होगा।

इसके बाद वाहन मालिक की जानकारी डालनी होगी। आधार नंबर और अन्य जानकारी देनी होगा, जिसके बाद ओटीपी आएगा। वाहन विक्रेता को भी अपनी जानकारी देनी होगी, उसे भी ओटीपी डालना होगा। इसके बाद भुगतान करना होगा। प्रक्रिया पूरी होने का मैसेज आ जाएगा। अगर क्रेता और विक्रेता का आधार कार्ड नहीं है, तो फीस की रसीद की प्रिंट निकालकर वाहन के सभी दस्तावेज और अपलोड किए दस्तावेज लेकर आरटीओ में संबंधित लिपिक के पास जाना होगा। वह नोटशीट लिखकर फाइल आगे बढ़ा देगा।

## ठंड बढ़ने से होजरी उद्योग को सर्दियों के कपड़ों की निकासी तेज होने की उम्मीद

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश के उत्तरी इलाकों में पड़ रही कड़ाके की ठंड ने पंजाब में लुधियाना के प्रसिद्ध होजरी उद्योग के विनिर्माताओं को जोश से भर दिया है। अभी तक उन्हें इस मौसम में मांग सुस्त रहने की



आशंका सता रही थी। गर्म कपड़े बनाने वाले होजरी उद्योग के प्रतिनिधियों का कहना है कि कई उत्तरी राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ने से उन्हें सर्दियों के कपड़ों की निकासी होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जैकेट, स्वेटर, पुलोवर, इनरवेयर आदि खरीदने वाले ग्राहकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए खुदरा विक्रेताओं से आने वाली सर्दियों के कपड़ों की मांग बढ़ने लगी है।

पंजाब और हरियाणा में कई जगहों पर न्यूनतम तापमान दो से सात डिग्री सेल्सियस तक गिरने से पिछले कई दिनों से इस क्षेत्र में अत्यधिक ठंड की स्थिति बनी हुई है। लुधियाना स्थित होजरी विनिर्माता ड्यूक फैशन के चेयरमैन कोमल कुमार जैन ने कहा, क्षेत्र में ठंड के मौसम की स्थिति के साथ ग्राहकों ने सर्दियों के कपड़े खरीदने के लिए खुदरा काउंटरों पर दिखना शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में मांग और बढ़ेगी। होजरी उद्योग के प्रतिनिधियों के अनुसार पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में होजरी के सामान की मांग देखी जा रही है। वहीं एक अन्य विनिर्माता का कहना है कि आने वाले दिनों में चीजें और बेहतर होने की उम्मीद है। लुधियाना स्थित एक कंपनी ने कहा कि इस मांग से कई विनिर्माताओं के पास पड़े माल का मौजूदा भंडारण साफ हो सकता है।

## नए मकानों की आपूर्ति 51 फीसदी बढ़ी, दिल्ली-एनसीआर में 20 फीसदी रही गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मजबूत मांग से 2022 में देश के सात प्रमुख शहरों में नए आवासीय संपत्तियों की आपूर्ति 51 प्रतिशत बढ़कर 3,57,635 इकाई पहुंच गई। 2021 में कुल 2,36,693 नए मकानों की आपूर्ति की गई थी।

एनारॉक के मुताबिक, मांग बढ़ने के बावजूद पिछले साल नए मकानों की आपूर्ति 2014 के 5.45 लाख से कम रही। पिछले साल मुंबई, कोलकाता, बंगलूरू, हैदराबाद और पुणे में आपूर्ति में तेजी रही। दिल्ली-एनसीआर में 20 फीसदी गिरावट रही।?

**पेट्रोल-डीजल की बिक्री दिसंबर में बढ़ी–** त्योहारी सीजन की मांग के बाद कृषि क्षेत्र में खपत बढ़ने से दिसंबर में पेट्रोल और डीजल की बिक्री में तेजी रही। इस दौरान पेट्रोल की बिक्री 8.6 फीसदी बढ़कर 27.6 लाख टन पहुंच गई। डीजल की बिक्री 13 फीसदी बढ़कर 73 लाख टन पहुंच गई। -विमान ईंधन की बिक्री में 18 प्रतिशत और रसोई गैस यानी एलपीजी में 7.7 प्रतिशत तेजी रही।

**बिजली खपत में 11 फीसदी उछाल** – आर्थिक गतिविधियों में तेजी से देश में बिजली खपत दिसंबर में 11 प्रतिशत से



ज्यादा बढ़कर 121.19 अरब इकाई पहुंच गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर, 2021 में खपत 109.17 अरब इकाई रही थी। विशेषज्ञों की मानें तो हेल्थकेयर अप्लायंसेस के इस्तेमाल की वजह से जनवरी में भी बिजली की खपत व मांग में तेजी रहेगी।

## दिसंबर में 1,49,507 करोड़ रुपये रहा जीएसटी संग्रह

### राजकोषीय घाटे को काबू में करने में जुटी सरकार का बढ़ा भरोसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिसंबर, 2022 में देश में वस्तु व सेवा शुल्क संग्रह (जीएसटी) 1,49,507 करोड़ रुपये रहा है। यह संग्रह दिसंबर, 2021 के मुकाबले तकरीबन 15 फीसद ज्यादा है। इस वर्ष के शानदार जीएसटी संग्रह को देखते हुए वित्त मंत्रालय का यह भरोसा बढ़ा है कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 6.4 फीसद ना सिर्फ हासिल होगा बल्कि घाटा इस स्तर से कुछ कम भी रह सकता है। प्रत्यक्ष कर संग्रह की स्थिति भी ठीक बनी हुई है। वैसे जानकारों का कहना है कि जीएसटी में लगातार खासी वृद्धि के पीछे घरेलू मांग में वृद्धि के साथ ही महंगाई का भी हाथ है।

**घरेलू लेनदेन से हुई 18 फीसद की वृद्धि** – वित्त मंत्रालय के संबंधित विभागों की तरफ से भी जीएसटी को लागू करने में आने वाली दिक्कतों दो दूर करने की जो कोशिश की गई है, उसको भी कुछ श्रेय देना होगा। वित्त मंत्रालय इस बात पर भी संतोष कर सकता है कि यह लगातार 10वां महीना है जब जीएसटी संग्रह ने 1.40 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार किया है। नवंबर, 2022 में जीएसटी संग्रह 1.46 लाख करोड़ रुपये था।




वित्त मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक कुल संग्रह 1,49,507 करोड़ रुपये में से सीजीएसटी 26,711 करोड रुपये, एसजीएसटी 33,357 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 78,434 करोड़ रुपये और अधिभार 11,005 करोड़ रुपये रहा है। यह राशि दिसंबर, 2021 में संग्रह 1.30 लाख करोड़ रुपये से 15 फीसद ज्यादा है। वस्तुओं के आयात पर लगे शुल्क से संग्रह में 8 फीसद और घरेलू लेनदेन से होने वाले संग्रह में 18 फीसद की वृद्धि हुई है।

एनए शाह एसोसिएट्स पार्टनर पराग मेहता ने 15 फीसद की वृद्धि के लिए जीएसटी लागू करने में जुटे विभाग के स्तर पर हो रहे प्रयासों और आक्रामक तरीके से नियमों को लागू करने को दिया है। उनका कहना है कि पिछले तीन-चार माह से लगातार संग्रह बढ़ रहा है जो बताता है कि बजटीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग लगातार काम कर रहा है। केपीएमजी के पार्टनर अभिषेक जैन का कहना है कि त्योहारी सीजन के समाप्त होने के बावजूद डेढ़ लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह बताता है कि हर महीने डेढ़ लाख रुपये का जीएसटी राजस्व सामान्य बात है।

# शशि थरूर की नयी पुस्तक 'अंबेडकरः ए लाइफ' को कोलकाता में 'किताब' इवेंट में किया गया लॉन्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वरिष्ठ राजनीतिक, सांसद और लेखक शशि थरूर की नयी पुस्तक 'अंबेडकर-ए लाइफ' का कोलकाता की सामाजिक संस्था 'प्रभा खेतान फाउंडेशन' (पीकेएफ) और श्री सीमेंट के संयुक्त तत्वाधान में आईटीसी सोनार में आयोजित 'किताब' इवेंट में लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम में किताबों के शौकीन युवा और वयस्कों के अलावा 'अहसास महिला' और 'फिक्की एफएलओ' के सदस्यों ने भाग लिया।

इस मौके पर सुहेल सेठ (प्रबंधन सलाहकार, लेखक और सामाजिक वक्ता) ने लेखक श्री थरूर के साथ एक घंटे तक बातचीत कर विभिन्न पहलुओं पर चर्चाएं की। इस कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों का उत्साह चरम पर देखा गया। इस मौके पर शशि थरूर ने कहा, डॉ. अंबेडकर की महानता को उनकी किसी एक उपलब्धियों से गिना नहीं जा सकता, क्योंकि सभी अलग-अलग रूप से असाधारण थे। थरूर ने इस दौरान अपने बहुआयामी व्यक्तित्व और जीवन के टर्निंग पॉइंट्स जैसे, ऐतिहासिक निर्णयों, सामाजिक बहिष्कार और कलंक, राजनीतिक झुकाव, अंतहीन संघर्षों और निश्चित रूप से उनके मजबूत व्यक्तित्व में गहरी अंतर्दृष्टि और उपाख्यानात्मक संदर्भों को इस मौके पर साझा करते हुए अंबेडकर के शानदार जीवन का एक मनोरम दृश्य प्रस्तुत किया।

बाबासाहेब भीमराव रामजी अंबेडकर की जीवनी न तो पहली और न ही आखिरी है, लेकिन इस पुस्तक के रुप में



शशि थरूर का सावधानीपूर्वक शोधित कार्य इस देश के सबसे सम्मानित प्रतीकों में एक नया दृष्टिकोण जोड़ता है। जिनकी उन्होंने वकालत की थी। 'अहसास महिला' के 'लखनउ चैप्टर' की ओर से माधुरी हलवासिया ने लेखक और संवादी श्री थरूर को दर्शकों से परिचित कराया, वहीं सुहेल सेठ ने थरूर की किताब क्यों हमे पढ़नी चाहिए, इसके महत्व को बताते हुए चर्चा को आगे बढ़ाया। यह निस्संदेह अंबेडकर पर बेहतरीन किताबों में से एक है।

श्री सुहेल सेठ ने कहा, यह पुस्तक उस व्यक्ति को संदर्भित करता है, जिसे हमने भारतीय संविधान बनाने का श्रेय दिया है। दूसरा, यह पुस्तक उनके रूपरेखा की व्याख्या करता है। यह उस विशाल बौद्धिक संघर्ष को संदर्भित करता है, जहां डॉ. अंबेडकर को अपने समकालीन लोगों के साथ उलझना पड़ा था। तीसरा, यह आपको यह भी बताता है, कि बहुत कुछ बदल गया है, अब पहले जैसा कुछ भी नहीं है। शशि थरूर ने पुस्तक पढ़ने का चौथा कारण यह बताया कि, आज के टिक टोक और व्हाट्सएप की पीढ़ी में यह पुस्तक अन्य पुस्तकों से संक्षिप्त है। मैंने सोचा कि आज के युवाओं के लिए कुछ छोटा और सुलभ लिखना अच्छा होगा। इसे लेकर आत्म प्रश्न जाग उठता है कि, हम इसे क्यों पढ़ें, इसपर थरूर ने कहा, %आप इस बात को महसूस करते हैं कि बाबा साहब अंबेडकर के अलावा शायद कोई दूसरा भारतीय नहीं है, जिसकी देश भर में इनसे ज्यादा मूर्तियां हों। शायद गांधी इनके समकक्ष हो सकते है। लेकिन भारत में ऐसा कोई गांव नहीं है जहां अंबेडकर की मूर्ति या प्रतिमा न हो। इन परिस्थितियों में वे संभवत-सर्वाधिक पूजनीय भारतीय हैं। वह ऐसे व्यक्ति भी हैं जिनका कद उनकी मृत्यु के बाद बढ़ा है।

सुहेल सेठ ने 1927 की तरह कुछ ऐतिहासिक फैसलों के बारे में भी उनसे चर्चा किया, जब अंबेडकर ने फैसला किया कि उन्हें दलित वर्गों के कारण आगे बढ़ने के लिए राजनीतिक हथियारों की जरूरत है। 1932 में जब अंबेडकर को गांधी जी से अपने आमरण अनशन को समाप्त करने के लिए कहना पड़ा। इसके बाद दोनों दिग्गजों के बीच पहली दरार शुरू हुई। सुहेल सेठ की बात पर टिप्पणी करते हुए शशि थरूर ने कहा, 'जब आप अंबेडकर जैसे किसी व्यक्ति की जीवनी लिखते हैं, तो उसमें यह सब कुछ रोमांटिक मोड़ बिंदु हैं। जिसे पढ़ने के लिए दर्शकों को ढहर जाना होगा। पीकेएफ की कार्यकारी ट्रस्टी अनिंदिता चटर्जी ने कहा, एक फाउंडेशन के तौर पर हम लगातार साहित्य, संस्कृति और सामाजिक कार्यों को बढ़ावा दे रहे हैं।

## न्यायालय परिसर धूम्रपान निषेध क्षेत्र घोषित



**अमरवाड़ा ।** नव वर्ष प्रारंभ के उपलक्ष में सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट कैंपस के न्यायालय वाटिका में अपर एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश सोनी एवं सभी न्यायाधीशों की उपस्थिति में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट बेलवंशी एडवोकेट एस एस एच रिजवी सुबोध श्रीवास्तव के समस्त पदाधिकारी समस्त के द्वारा न्यायालयपरिसर में तंबाकू गुटखा एवं धूम्रपान का उपयोग नहीं करने की सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण किया

## महिला फुटबॉल टीम ग्वालियर रवाना



**छिंदवाड़ा ।** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा भगवान महिला टीम पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय में भाग लेने हेतु ग्वालियर रवाना हो गई इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी रामाराव नागले क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सोनी डॉ जी एस आर नायडू विक्रांत यादव विनीता नेटी डॉ अजय सिंह ठाकुर श्रीमती नीतू यादव उपस्थित थे टीम के सदस्य इस प्रकार हैज्वाला डहरवाल सोनम ठाकुर मधु बुदेला सुषमा यादव प्रीति लिल्हारे शुभांगी ब्रम्हे अदिति पवार ( कप्तान) इशिका थापा प्राची बानखडे रसना महलवंशी आरती राठौर प्राची श्रीवास तांविदा अंसारी अंशिका मालवी निकिता बट्टी पलक कैथवास अंजलि इवनाती टीम की कोच विनीता नेटी है विश्वविद्यालय कुलपति डॉ एम के श्रीवास्तवजी कुल सचिव डॉ धनाराम ऊईके छात्र अधिष्ठाता डॉ जगदीश बहान पंचम सनोडिया एवं सम्भाग के सभी क्रीड़ा अधिकारियों ने टीम को शुभकामनाएं दी हैं छिंदवाड़ा का पहला मैच 4 जनवरी को खेला जाएगा।

## महापौर ने ठोस अपशिष्ट रिकवरी सेंटर का किया निरीक्षण



**छिंदावड़ा ।** महापौर विक्रम अहके जी द्वारा ठोस अपशिष्ट रिकवरी सेंटर, परासिया रोड पंकज टाकीज के बाजू में का निरीक्षण कर वहाँ उपस्थित कर्मचारियों से कार्य संबंधी जानकारी प्राप्त की

## विजेन्द्र बैस बने पीजी कॉलेज के सांसद प्रतिनिधि

**छिन्दवाड़ा।** जिले के शासकीय महाविद्यालयों में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किये गये हैं। दस कॉलेजों में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई।संगठन से जुड़े युवाओं को सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है जो निम्नानुसार है। शासकीय पी.जी. कॉलेज छिन्दवाड़ा में सांसद प्रतिनिधि विश्वेन्द्र सिंह बैस, शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव जितिन विश्वकर्मा, शासकीय महाविद्यालय दमुआ में सांसद प्रतिनिधि प्रकाश भावरकर मनोनीत किये गये हैं। शासकीय महाविद्यालय हर्रई विक्रम डेहरिया, शासकीय महाविद्यालय चांद संजय पटेल, शासकीय महाविद्यालय चौरई रॉबी ठाकुर, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय चौरई सुबोध पटेल, शासकीय आईटीआई छिन्दवाड़ा में शक्ति डोले, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह में सांसद प्रतिनिधि बिट्टू डेहरिया को मनोनीत किया गया है। शासकीय पेंचव्हेली महाविद्यालय परासिया सागर बावरिया को सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है।

## 22 जनवरी से ग्राम हरनाखेड़ी में होगी रामथा

छिंदवाड़ा । **चौरई विधानसभा के** ग्राम हरनाखेड़ी (चांद) में 22 जनवरी से सतचण्डी महायज्ञ एवं नौ दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा में राष्ट्रीय प्रवचन कर्ता किशोरी श्री राधिका वृन्दावन द्वारा 30 जनवरी तक किया जावेगा। ग्राम वासियों ने बताया कि यज्ञाचार्य पंडित राजेश व्यास करेंगे। 30 जनवरी को पूर्णाहुति भण्डारा होगा, प्रवचन कथा दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक होगा।

## मातेश्वरी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण



**अमरवाड़ा ।** अमरवाड़ा नगर के हृदय स्थल स्थित बहू प्राचीन शक्तिपीठ मातेश्वरी मंदिर में श्रीमद्भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है कथा प्रारंभ के अवसर पर मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई जो कि नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई मातेश्वरी मंदिर जहां कथावाचक पंडित हरी भोला अवस्थी के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत प्रारंभ कराई गई जिसमें उन्होंने कहा कि श्रोता और वक्ता के गुण बताए गए और भगवत कथा श्रवण करने का शुभ अवसर अनेक जन्मों का पुण्य उदय होना बताया है पंडित परमानंद अवस्थी पंडित सत्यनारायण तिवारी जी पंडित मनोज तिवारी के मंत्रों के उच्चारण कीमत सभी मंडलों का आवाहन का पूजन किया गयाभागवत में मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुकेश याद युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित नेमा , अभिषेक जैन उपाध्यक्ष, युग ठाकुर नानू ठाकुर श्रेयांश जैन महेश यादव आनंद जैन और कार्तिक महिला मंडल और रामायण महिला मंडल की सभी महिलाएं उपस्थित थी

# जर्जर शाला भवनों को डिस्मेंटल किया जाए

## कलेक्टर श्रीमती पटले ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने निर्देश दिये कि निर्माण कार्यो के लिये भू-अर्जन के प्रकरणों में धारा-11 की कार्यवाही के बाद संबंधित विभाग राशि की डिमांड अपने विभाग को भेजे जिससे धारा-19 की कार्यवाही के पहले ही डिमांड की गई राशि मिलने पर संबंधित हितग्राहियों को समय पर भू-अर्जन की राशि प्राप्त हो सके। कलेक्टर श्रीमती पटले ने ये निर्देश आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में जल संसाधन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और अन्य निर्माण विभागों के अधिकारियों को दिये । उन्होंने खनिज, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगरपालिक निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कुलबेहरा नदी पर बने क्षतिग्रस्त स्टापडेम का पुन: निर्माण किये जाने के औचित्य के संबंध में संयुक्त भ्रमण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करें जिससे जिला खनिज प्रतिष्ठान की आगामी बैठक में आवश्यक निर्णय लिया जा सके । बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर श्री ओ.पी.सनोडिया, सहायक कलेक्टर सुश्री वैशाली जैन व आयुक्त नगरपालिक निगम श्री राहुल सिंह सहित सभी विभागों के प्रमुख व मुख्यालय के संबंधित अधिकारी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से, जबकि अन्य सभी एसडीएम व खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक में उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने एसडीएम जुन्नारदेव को निर्देश दिये कि बीआरसी की बैठक लेकर उनके अनुविभाग में डिस्मेंटल किये जाने वाले शाला भवनों की सूची बनवायें और जिन जर्जर शाला भवनों का लोक निर्माण विभाग द्वारा निरीक्षण कर डिस्मेंटल किये जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है, उन्हें तत्काल डिस्मेंटल करायें एवं जिन शाला भवनों का निरीक्षण नहीं हुआ है, उसकी सूची लोक निर्माण विभाग को देकर निरीक्षण करायें जिससे ऐसे जर्जर शाला भवनों को भी डिस्मेंटल किया जा सके । उन्होंने सभी संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी 11 से 13 जनवरी को छिन्दवाड़ा जिला मुख्यालय पर आयोजित पेंशन शिविर में सभी लंबित पेंशन प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करायें तथा जो अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त होने वाले है उनके पेंशन प्रकरण तैयार कर 3 माह पूर्व जिला पेंशन अधिकारी को उपलब्ध करायें जिससे संबंधित सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी व कर्मचारी को सेवानिवृत्ति की तिथि से ही पेंशन मिल सके । उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि जिले के सभी पंजीकृत निजी नर्सिंग होम के संचालकों की बैठक लेकर उन्हें 15 जनवरी के पूर्व अग्नि सुरक्षा नियमों के पालन की समझाईश दें तथा निर्धारित तिथि के बाद नियमों का पालन नहीं करने वाले नर्सिंग होम को बंद करने की कार्यवाही करें । उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को फायर इक्विपमेंट इंस्टालेशन पूर्ण करा चुके नर्सिंग होम्स का निरंतर निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने पेसा नियम की प्रगति की समीक्षा करते हुये संबंधित एसडीएम को निर्देश दिये कि ग्राम सभा की शांति व विवाद निवारण समिति, मातृत्व सहयोगिनी समिति, वन संसाधन समिति और अन्य समितियों का गठन होने के साथ ही समितियों के खाते खोला जाना सुनिश्चित करायें तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी से एफआईआर दर्ज होने संबंधी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक मार्गदर्शन देते हुये ग्राम सभा की बैठक में छोटे-मोटे विवादों का निराकरण करायें । साथ ही ऐसे प्रकरणों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे ग्राम सभा की अन्य समितियां भी अपने क्षेत्र में शांति और विवाद के प्रकरणों का सरलता से निराकरण कर सकें ।



## भूपेन्द्र मिश्रा शानू स्टेट टीचर कोआर्डिनेटर बने

### नव वर्ष मिलन सत्संग सम्पन्न



**छिंदवाडा ।** श्रीश्री रविशंकर द्वारा संस्थापित आर्ट ऑफलिविंग का नववर्ष मिलन सत्संग न्यू लान नरसिंगपुर रोड छिंडवाड़ा में दिनांक 01जनवरी को सम्पन्न हुये जिसमें साधको ने सहपरिवार शामिल होकर सत्संग का आनंद उठाया एवं नंद घर आनंद भयो भजन में साधको ने नृत्य किया सभी को नये नये वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाये दी। डॉ. रंजना टांडेकर, कृष्णोत्तम राजपूत, सुरेश पवार आदि ने बताया कि गुरूदेव परम पूज्य श्रीश्री रविशंकर ने छिंदवाडा आर्ट ऑफलिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक भुपेन्द्र मिश्रा शानू को आर्ट ऑफलिविंग संस्था मध्यप्रदेश के लिये स्टेट टीचर को-आर्डिनेटर बनाकर अपना आशिर्वाद प्रदान किया है उन्होने आगे बताया कि छिंदवाडा के लिये यह बहुत गौरव की बात है, भुपेन्द्र मिश्रा शानू ने इस अवसर पर कहा कि गुरूदेव के आशिर्वाद एवं सभी लोगो की शुभकामनाओं से छिंदवाड़ा को यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। सभी साधको के सहयोग से गुरूदेव के आशिर्वाद एंव सुदर्शन क्रिया को जन-जन तक पहुंचाना ही हमारा परम ध्येय है। इस अवसर पर रमेश मिगलानी, नंदकिशोर तिवारी, निलिमा घोंगे, ज्योति लिंगायत, श्वेता चड्डा, सुनील भटुरकर, बापू भाई ओक्टे, कश्मीरी लाल बतरा, वी.आर. देशमुख, प्रशांत सिंह वेश, सुनीत षर्मा, जीवन सिंह रघुवंशी इत्यादि ने भुपेन्द्र मिश्रा को नई जिम्मेदारी के लिये शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## हर्रई सीईओ के साथ हुई अभद्रता

### मारपीट के विरोध में कर्मचारियों ने काम बंद रख किया विरोध

**अमरवाड़ा ।** विधानसभा क्षेत्र के हर्रई नगर में विगत दिनों पूर्व हर्रई जनपद पंचायत के सीईओ के साथ की गई अभद्रता और मारपीट के विरोध में अमरवाड़ा जनपद पंचायत के कर्मचारियों ने काम रखा बंद प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्मचारियों ने बताया कि शासकीय कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई साथ ही तथाकथित लोगों के द्वारा दबाव पूर्वक जनपद पंचायत कार्यालय में आकर गुंडागर्दी की गई है ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग की गई अगर कार्रवाई नहीं की गई तो अमरवाड़ा जनपद पंचायत के कर्मचारियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है सोमवार को सभी कर्मचारियों ने अमरवाड़ा जनपद पंचायत में काम बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया



### नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर

## 200 लोगों का पंजीयन एवं 27 को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए परासिया लायन्स हॉस्पिटल भेजा

**छिंदवाड़ा ।** ग्राम पंचायत खंसवाड़ा में विशाल नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर आज प्रात: 12 बजे से नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष आदरणीय विवेक बंटी साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पोफली, जिला उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य कमलेश उइके आदरणीय तुकारामजी दुर्गे विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच इंद्रा संतोष युवनाती, मानका देही खुर्द के सरपंच अनिल बंशकार, वरिष्ठ समाजसेवी आकाश सूर्यवशी, मंडल मंत्री मोहित चन्द्रवंशी, बजरंग दल के प्रखंड संयोजक जितेंद्र साहू जी एवं कुलदीप सहित गणमान्य नागरिक थे।



**कार्यक्रम के आयोजक**- कुबेरसिंग सूर्यवंशी, कार्यक्रम की आयोजन समिति के सदस्य बीरबल चन्द्रवंशी, दीपक सोनी, धर्मेंद्र अहिरवार, नीरज चन्द्रवंशी, राजू चन्द्रवंशी, विनोद चन्द्रवंशी, सतीश सल्लाम , सहित गणमान्य नागरिक थे। कार्यक्रम का शुभारंभ में अतिथियों का स्वागत किया गया ,स्वागत भाषण कार्यक्रम के संयोजक कुबेरसिंग सूर्यवंशी ने सभी अतिथियों का स्वागत किये आयोजन टीम के सदस्यों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इंद्रा संतोष युवनाती ने कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है कार्यक्रम मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पोफली ने सभी भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया, किसानों के लिए सदैव खड़े है। देवकरण सूर्यवंशी ने कहा कि कोरोना काल मे हमारे कार्यकर्तों ने जान की बाजी लगाकर जनता की मदद किए है। आयोजक टीम को हृदय से धन्यवाद करती हूँ। तुकाराम दुर्गे ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर में 200 से भी अधिक लोगों को पंजीयन हुआ एवं 27 बुजुर्गों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए परासिया लायन्स हॉस्पिटल रवाना किया गया निरंतर हम सब मिलकर सेवा कार्य करते रहेंगे।

## जनता ने लिया संकल्प- केवल कांग्रेस ही विकल्प

**छिन्दवाड़ा।** जिला सहित सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, किसानों की समस्यायें, पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी सहित बिगड़ते सामाजिक ताने-बाने के लिये जिम्मेदार प्रदेश की भाजपा सरकार जारी वर्ष 2023 में मध्य प्रदेश से बिदा होगी और सम्पूर्ण प्रदेश की जनता के भारी जनसमर्थन के साथ एक बार फिर जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लिये मप्र की सत्ता में कांग्रेस की सरकार काबिज होगी। हमारा यह संकल्प है कि नये साल में नयी सरकार बनायेंगे और फिर से कमलनाथ को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठायेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने व्यक्त करते हुये कहा कि आज जमीनी स्तर पर यह बात सिद्ध हो चुकी है कि प्रदेश के हर वर्ग की तरक्की के लिये आंदोलनरत कांग्रेस ही केवल एक विकल्प है। प्रदेश की तरक्की और खुशहाली के लिये हर खासो आम नागरिक चाहता है कि प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनें। एक आस्था और विश्वास के साथ इस नये वर्ष में प्रत्येक कांग्रेसी ने विकास का संकल्प लिया है। सर्वविदित है कि श्री कमलनाथ के सत्ता संभालते ही प्रदेश उन्नति की राह पर चल पड़ा था परन्तु सत्ता की लोलुप भाजपा ने सरकार का अपहरण कर लिया।

## हिंगलाज शक्तिपीठ में किया श्रमदान, दिया स्वच्छता का संदेश



**छिंदवाड़ा ।** नव वर्ष की अफसर पर युवा द्वारा हिंगलाज मंदिर पर सोचता कार्यक्रम किया गया जिसमें श्री श्री हिंगलाज शक्तिपीठ मंदिर के पुजारी एवं समिति के सदस्य और कर्मचारियों ने पूर्ण सहयोग किया। माना जाता है कि नव वर्ष पर जो किया जाता है वह वर्ष भर चलता है कोई खुशी खुशी नव वर्ष प्रारंभ करता है तो वह वर्ष भर खुश रहता है इसलिए सभी नव वर्ष को धार्मिक, ऐतिहासिक पर्यटक क्षेत्र पर मनाते हैं पर छिंदवाड़ा के युवाओं ने नववर्ष कुछ अलग अंदाज पर मनाया युवाओं ने प्रकृति को साफ और सुंदर बनाने के लिए श्री श्री हिंगलाज शक्तिपीठ मंदिर अंबाडा जिला छिंदवाड़ा में स्वच्छता कार्यक्रम किया जिसमें मां हिंगलाज मंदिर के गर्भ ग्रह की सफाई की गई और फिर सभी युवाओं ने मिलकर महाआरती किया जिसके पश्चात सभी युवाओं ने 4 घंटे श्रमदान कर स्वच्छता कार्यक्रम पर सहभागिता किया और परिसर की साफ सफाई की परिसर से लगभग 50 किलो पॉलीथिन का संग्रह किया गया क्योंकि नववर्ष पर प्रतिवर्ष हजारों की संख्या पर श्रद्धालु मंदिर आते हैं तो ना चाहते हुए भी कचरा फैल जाता है श्री श्री हिंगलाज माता मंदिर के पुजारी श्री शिवकुमार शर्मा जी समिति के सदस्य मदन जी और अन्य सदस्य ने हमारा पूर्ण सहयोग किया मंदिर के पुजारी का कहना है कि आप सभी युवाओं के जैसी सोच सभी युवाओं की होनी चाहिए जैसे आपने यहां सेवा मंदिर पर दिया है उससे आपके अंदर मानसिक शारीरिक और आध्यात्मिक ऊर्जा उत्पन्न हुई है आपको देखकर आपके साथ और युवा जुड़ेंगे। हमेशा इसी प्रकार सेवा कार्य करते रहें। युवाओं का कहना है हम समाज कल्याण प्रकृति प्रेमी और धार्मिक है जिसके लिए हमने नव वर्ष पर इस तरह का आयोजन किया। युवाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से सेवा कार्य सीखा है और आपने जीवन पर प्रकाशित करते हुए कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं।

## 2 सौ युवाओं को मिलेगा नि:शुल्क प्रशिक्षण

### टीसीएस देगा वायईपी का प्रशिक्षण

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व छिन्दवाड़ा सांसद नकुलनाथ की पहल पर जिले के 200 सौ युवाओं को निन्शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त होगा। नेताद्वय के द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे इस अवसर का लाभ हासिल कर युवा शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न कौशल को बढ़ाने में सफल हो सकेंगे। नेताद्वय के प्रयासों से अब जिले के युवाओं को टीसीएस के माध्यम से निन्शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त होगा। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ के प्रयासों से जिले के युवाओं के कौशल उन्नयन हेतु देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस के सहयोग से 9 जनवरी 2023 से 200 युवाओं को नि:शुल्क यूथ इम्प्लॉयमेन्ट कार्यक्रम का प्रशिक्षण मिलने जा रहा है और यह जिले के लिये बड़े गौरव का विषय भी है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीई ईसी, मेकेनिकल, बीसीए आदि विषय से 2021, 2022, 2023 वर्ष में स्नातक युवाओं को व्यक्तित्व विकास, साक्षात्कार तकनीकी, रिज्यूमे, राइटिंग, इंग्लिश कम्युनिकेशन स्किल आदि का प्रशिक्षण दिया जावेगा। टीसीएस एवं अन्य कंपनी में प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर नौकरी के अवसर प्राप्त होंगे। प्रशिक्षण नॉन टेक्निकल युवाओं के लिये 100 घंटे एवं टेक्निकल युवाओं के लिये 160 घंटे की अवधि का सोनी कम्प्यूटर एजुकेशन गुलाबरा में कंपनी के प्रशिक्षकों द्वारा दिया जावेगा।

# शिर्डी रवाना हुआ सांई भक्तों का जत्था

## 650 किमी पैदल साईं पालखी के साथ चलेंगे 99 श्रद्धालु



**पांढुना ।** पांढुर्णा से शिर्डी पदयात्रा के लिए 99 सांई भक्तों का जत्था नगर से सोमवार दोपहर रवाना हुआ। शिर्डी जा रहे 99 सांई भक्तो को विदा करने हजारों साई प्रेमीयों का सैलाब नगर की सड़कों पर उमड़ पड़ा। जिन्होंने साई पालखी का भव्य स्वागत किया। विगत 12 वर्षो की तरह इस वर्ष भी श्री सदगुरू साई भिक्षा झोली पालखी एवं पदयात्रा समिति के तत्वाधान में नववर्ष की मंगल कामनाओं तथा शहर की सुख समृद्धि को लेकर 1 जनवरी की शाम 4 बजे नगर के सांई टेकडी स्थित साई मंदिर से विशाल सांई पालखी पदयात्रा मुख्य मार्ग होते हुए नगर भ्रमण कर गुजरी चौक स्थित सांई कुटिया देर रात पहुंची। जिसके बाद रविवार दोपहर पालखी पदयात्रा पांढुर्णा के सांई कुटिया से शिर्डी जाने के लिए नगर से प्रस्थान किया। इस अवसर पर हजारों नगरवासी पालकी पदयात्रा में सम्मिलित होकर नगर के शनि मंदिर में मत्था टेक पदयात्री को पालकी के साथ विदा किया। यह सांई पालखी 21 जनवरी शनिवार सुबह 3 बजे शिर्डी स्थित पालकी निवारा से साई समाधि मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर नगर के सैकड़ों साई भक्त शिर्डी पहुंच पालखी में सम्मिलित होंगे।

### पालकी का भव्य स्वागत

नगर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए पालकी में सम्मिलित होकर हजारों सांई भक्त का नगर के हर चौक चौराहो पर फूलों से भव्य स्वागत हुआ। भक्त पालकी में रखी साई पादुका पर शीष नवा कर मनोकामना करते नजर आये। पालकी नगर भ्रमण करते समय तोप से साई पालखी पर फूलों की बरसात की गई। वही शहर के भक्त सोमवार रात महाराष्ट्र के बेलोना में पालकी का स्वागत करने पहुंचे, बेलोना की बैण्ड पार्टी ने शानदार पालकी का स्वागत किया। यह बैंड पार्टी पालकी में आकर्षण का केन्द्र रहा।

## कुलपति ने किया सतपुड़ा विधि महाविद्यालय का निरीक्षण

**छिंदवाड़ा ।** सतपुड़ा विधि महाविद्यालय में डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता का औचक भ्रमण किया गया। सागर वि.वि. की कुलपति द्वारा कॉलेज की व्यवस्थाओं सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर पुस्तकालय की विजिट की गई एवं कुलपति ने सतपुड़ा एजुकेशन सोसायटी छिंदवाड़ा के सदस्यगण और महाविद्यालय के विधार्थीगण से सौजन्य भेंट कर महाविद्यालय के प्रतिनिधियों से कॉलेज के विकास हेतु चर्चा की गई एवं सुझाव प्राप्त कर महाविद्यालय में नये कोर्स प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये। महाविद्यालय के प्राचार्य वेद प्रकाश तिवारी एवं शासी निकाय के अध्यक्ष नवनीत व्यास, सदस्य मोहन रोड़े भजनलाल चोपड़े, अंशुल द्वारा स्मृति चिन्ह एवं शाल श्रीफल देकर उक्त कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक जयेन्द्र नारायण भारद्वाज, श्रीमति प्रतिभा शक्रवार, श्रीमति अमृता सिरपुरकर, आनन्द वाजपेयी, विनोद झावरे, श्रवण बन्देवार, सचिन कुमार वाजपेयी, दिलीप बिन्झाड़े एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## 6 जनवरी से अनिश्चित हड़ताल पर जायेंगे विद्युत मण्डल के आऊट सोर्स कर्मचारी



**छिन्दवाड़ा ।** विद्युत कंपनियों के आउटसोर्स/संविदा कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता, (संचा/संधा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. छिंदवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर दिनांक 06 जनवरी से अनिश्चित कालीन काम बंद आंदोलन के संबंध में अवगत कराया । इसी क्रम में दिनांक 07 जनवरी 2023 को भोपाल में एकत्रित होकर अपनी मांगों के संबंध में कार्य का सामूहिक बहिष्कार करेंगे। संगठन के अध्यक्ष श्री राकेष साबले एवं उपाध्यक्ष कन्हैया सिंह राजपूत ने बताया कि संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के विभागीय संविलियन के लिये अनेकों पत्राचार के बाद भी किसी भी प्रकार से मांगों के निराकरण न होने से समस्त 1218 आउटसोर्स कर्मचारी एवं संविदा अधिकारी/कर्मचारियों में आक्रोष व्याप्त होने से आंदोलन हेतु बाध्य हैं। ज्ञापन सौंपने के लिये बड़ी संख्या में संविदा/आउटसोर्स, अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे जिसमें मुख्य रूप से श्री राकेष साबले, श्री कन्हैया सिंह राजपूत, श्री शेखर सिंह वर्मा, श्री योगेष डेहरिया, श्री सुषील कुमार विष्वकर्मा, श्री मनीष विष्वकर्मा, श्री कमलेष धारे, श्री पंकज पन्द्राम, श्री अमित विष्कर्मा, श्री सुनील विष्वकर्मा, श्री रेखनलाल यदुवंषी, श्री गणेष कडू एवं बड़ी संख्या में आउटसोर्स/संविदा, अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुये ।

## सम्मेद शिखरजी के समर्थन में उभेगांव में निकली मौन रैली



छिंदवाड़ा/उभेगांव । )सकल जैन समाज की आस्था का प्रतीक अनादि निधन शाश्वत तीर्थराज श्री सम्मेद शिखरजी को पवित्र धार्मिक तीर्थ क्षेत्र घोषित किये जाने के लिए मध्य प्रदेश सहित पूरे भारत में महानगरों के साथ छोटे छोटे ग्रामों में निवास कर रहे जैन बंधुओं की आवाज बुलंद हो रही है।कोई मौन रैली निकाल रहा है तो कोई आमरण अनशन पर बैठा है सभी का एक ही उद्देश्य अहिंसामय आंदोलन के माध्यम से जल्द से जल्द श्री सम्मेद शिखरजी को सिर्फ और सिर्फ पवित्र धार्मिक तीर्थ क्षेत्र घोषित किया जावे ओर पर्यटन क्षेत्र वाला नोटिफिकेशन वापस लिया जाए।मंगलवार को सम्मेद शिखरजी की रक्षा हेतु ग्राम उभेगांव में जैन समाज ने जिनशासन का पवित्र ध्वज के साथ काली पट्टी बांधकर मौन रैली निकाली और सम्मेद शिखरजी को पर्यटक स्थल बनाये जाने हेतु अपना विरोध प्रगट किया। रैली में तारण तरण दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष चैनसुख जैन, शेषकुमार जैन, चौथमल जैन, मनोज जैन, नरेशकुमार जैन, सुनील जैन, धनकुमार जैन सहित बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं के साथ जैन समुदाय के सभी सदस्य सम्मिलित हुए। शांति प्रिय एवं अहिंसा की उपासक जैन समाज की पवित्र भावनाओं का सम्मान करते ग्रामवासी नारायण पाल, ओम साहू, सुनील डेहरिया, सहदेव कोटवार, नजर मोहम्मद खान सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी भी मौन रैली में सम्मिलित हुए और सभी ने 20 तीर्थंकर सहित अनन्त मुनि भगवंतों की निर्वाण भूमि मोक्ष स्थली श्री सम्मेद शिखरजी को पवित्र धार्मिक तीर्थ क्षेत्र घोषित करने का आह्वान किया।



# मुख्यमंत्री चौहान ने महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महान समाज सुधारक श्रीमती सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास कार्यालय स्थित सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की । श्रीमती फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। वे भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थी। श्रीमती सावित्रीबाई ने अपना जीवन मिशन की तरह जिया, जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह कराना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। श्रीमती सावित्रीबाई फुले ने 3 जनवरी 1848 को पुणे में अपने पति के साथ मिलकर विभिन्न जातियों की 9 छात्राओं के साथ बालिका विद्यालय की स्थापना की। बालिका शिक्षा पर उस समय सामाजिक पाबंदी थी। श्रीमती सावित्रीबाई फुले उस दौर में न सिर्फ स्वयं पढ़ी बल्कि उन्होंने दूसरी लड़कियों के पढ़ने के लिए भी व्यवस्था की। दस मार्च 1897 को प्लेग बीमारी से उनका निधन हो गया।

